हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शनिवार, 1 फरवरी 2025 | अंक 110/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअस्नेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# साथ मिलकर विकसित भारत बनाएंगे: राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली.**

ससंद का बजट सत्र आज शुक्रवार 31 जनवरी की तारीख से शुरू हो गया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज शनिवार, 1 फरवरी 2025 को केंद्रीय बजट 2025 पेश करेंगी। आयुष्मान भारत और ग्राम सड़क योजना का जिक्र, राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत 70 से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के लिए इलाज के लिए हर साल 5 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप मिलेगी जिससे उनके लिए रोजगार के रास्ते खुलेंगे।



पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 25 हजार बस्तियों को जोड़ने के लिए 70 हजार करोड़ का प्रावधान हुआ है। राष्ट्रपति ने कहा कि बीते 6 माह में 17 नई वंदे भारत और एक नमो भारत ट्रेन मिली है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। 10 साल में विकसित भारत की ओर तेजी से कदम बढ़ें हैं। भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने सेवा, सुशासन आदि को प्राथमिकता में रखा है। सरकार का मंत्र है सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, जिसका मकसद है विकसित भारत का निर्माण। स्वच्छ भारत के तहत 12 करोड़ शौचालय, उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर जैसी योजना के तहत गरीबों को सम्मान रहने का अधिकार मिला है।

25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यम वर्ग जितने सपने देखेगा देश उतनी ही उड़ान भरेगा। सरकारी कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया गया है। ये लाखों कर्मचारियों की वेतन वृद्धि का आधार बनेगा। युपीएस का निर्माण किया गया है। मध्यम वर्ग का अपने घर का सपना पूरा करने के लिए रेरा जैसे कानून बनाए गए हैं। लोन पर सब्सिडी दी जा रही है। उड़ान योजना ने 1.5 करोड़ लोगों का हवाई जहाज में उड़ने का सपना पूरा किया गया है। हर विषय की पढ़ाई के लिए सीटों में वृद्धि की गई है। सरकार ने टैक्स से जुड़े मसलों को आसान किया है। पारदर्शिता बढ़ाई गई है। 75 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को स्वयं फैसले का अधिकार लिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण बड़ा कदम है।

स्वयं सहायता समूह के तहत महिलाओं को मजबूत किया गया है। स्वयं सहायता समूह में 10 करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया है। देश में 1 करोड़ से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं और इसे 3 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है। ड्रोन दीदी योजना भी शुरू की गई है। बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं और कंपनियों का नेतृत्व कर रही हैं। हमारी बेटियां आज ओलंपिक में मेडल ला रही हैं और देश का मान बढ़ा रही है. राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने अर्थवयवस्था को मजबूत करने के लिए काम किया है। कोविड के हालात और युद्ध जैसे हालात के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था ने स्थायित्व दिखाया है वह उसकी शक्ति का उहादरण है। मेक इन इंडिया के तहत बड़े ब्रांड्स पर पर भी मेक इन इंडिया के लोगो दिखने लगे हैं। छोटे उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं। एमएसएमई को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुद्रा योजना के तहत लोन को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया है। लोन, बीमा, क्रेडिट कार्ड आदि सबको आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। रेहड़ी वालों को स्वनिधि योजना का लाभ मिल रहा है। देश में छोटे बिजनेस को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। आज भारत तकनीक के क्षेत्र में प्रमुख ग्लोबल प्लेयर है। 5जी की शुरुआत इसका उदाहरण है। यूपीआई से विकसित देश भी प्रभावित हैं। 50 फीसदी से ज्यादा डिजिटल पेमेंट भारत में हो रहा है। इसकी सुविधा बड़े लोगों से लेकर छोटे दुकानदार तक उठा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम जब राष्ट्र के विकास की बात करते हैं तो राष्ट्र के नागरिकों के योगदान की बात कर रहे होते हैं। देश के वंचित और गरीब आदिवासियों को लाभ मिल रहा है और वे पहली प्राथमिकता हैं। इसके लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में लाखों बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। आदिवासी क्षेत्रों में 30 नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

### महाकुंभ के मृतकों व मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें संसद की इस को बैठक संबोधित करते हुए खुशी हो रही है। संविधान 75 साल पूरा कर चुका है। बाबा अंबेडकर समेत अन्य संविधान निर्माताओं को नमन करती हूं। राष्ट्रपति ने महाकुंभ का जिक्र किया और वहां भगदड़ में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी है।

### 3 करोड़ परिवारों को घर मिलेगा

राष्ट्रपति ने कहा कि आज देश निर्णयों को लागू होते देख रहा है। इसमें गरीब, महिलाओं, युवाओं आदि को प्राथमिकता दी जा रही है। 3 करोड़ परिवारों को घर देने का फैसला हुआ है। सरकार ने गांव में आबादी के लिए सौमित्र योजना के तहत 2 करोड़ से ज्यादा सौमित्र कार्ड जारी किए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 41 हजार करोड़ की राशि वितरित की गई है। जनजातीय लोगों के लिए भी 80 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है और हमारा पशुधन मजबूत हो रहा है।

# सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू को कहा: 'पुअर लेडी'

## सर्वोच्च पद पर बैठी आदिवासी महिला का अपमान



**नई दिल्ली.** संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई है. सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कहा, 'वो पुअर लेडी हैं और अभिभाषण के बाद थक गई थीं.' वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण को "बोरिंग" बताया. अब इसे लेकर राजनीति गरमा गई है. बीजेपी ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है. सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, सोनिया गांधी का बयान सर्वोच्च पद पर बैठी एक आदिवासी महिला का अपमान है. राष्ट्रपति का अभिभाषण बीते साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए गए कार्यों का लेखा-जोखा था. पिछले बजट और सरकार की कार्ययोजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है. यह एक ऐसा लेखा-जोखा था, जो बहुत ही शानदार था." कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, "सोनिया गांधी ने अभिभाषण को लेकर जो बयान दिया वह सही नहीं है. राष्ट्रपति ने बुलंदी के साथ अपनी बात रखी है. सोनिया गांधी को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए." राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि वह बार-बार लॉन्च नहीं हो पाते हैं.

# आर्थिक सर्वे ने बता दिया कैसी रहेगी 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट

**नई दिल्ली.**



वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए जा रहे आर्थिक सर्वे में अगले वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 फीसदी से लेकर 6.8 फीसदी के बीच रहने का अनुमान जताया गया है जो कि बीते चार सालों में सबसे कम विकास दर रहने का अनुमान है. बीते साल 22 जुलाई 2024 को आर्थिक सर्वे में मौजूदा चालू वित्त वर्ष के लिए 6.5 फीसदी से लेकर 7 फीसदी के बीच जीडीपी ग्रोथ रेट रहने का अनुमान जताया गया था. 2047 तक विकसित भारत बनने के लिए 8 फीसदी विकास दर जरूरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में देश के आर्थिक सेहत का लेखा-जोखा 2024-25 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण को पेश किया है.

आर्थिक सर्वे के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 फीसदी से लेकर 6.8 फीसदी के बीच रहने का अनुमान है. इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले एक से दो दशक तक 8 फीसदी के दर से आर्थिक विकास करना होगा. आर्थिक सर्वे के मुताबिक 2047 में देश की आजादी के शताब्दी वर्ष के समय तक विकसित भारत बनने की अपनी आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, भारत को एक या दो दशक तक औसतन करीब 8 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रेट हासिल करने की जरूरत है. हालांकि ये बेहद महत्वपूर्ण है कि वैश्विक हालात जिसमें राजनीतिक और आर्थिक हालात शामिल है वो भारत के आर्थिक विकास के परिणामों को प्रभावित करेगा.

### सोशल सर्विसेज एक्सपेंडिचर में भारी उछाल

आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के मुताबिक शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के विकास के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने पर सरकार के फोकस में महत्वपूर्ण प्रगति आई है. वित्त वर्ष 2020-21 में इसपर 23.3 फीसदी खर्च किया गया था जो 15 फीसदी सीएजीआर के साथ बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26.2 फीसदी कर दिया गया है. वित्त वर्ष 2024-25 में केंद्रप और राज्य सरकार का सोशल सर्विसेज एक्सपेंडिचर वित्त वर्ष 2020-21 में 14.8 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 25.7 लाख करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है. आर्थिक सर्वे 2024-25 के मुताबिक लेबर रिफॉर्म्स के चलते श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की जा सकी है तो इसके चलते रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं. सर्वे के मुताबिक इन सुधारों का मकसद कोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के साथ इकोनॉमिक समावेशिता को बढ़ावा देना और इज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ वर्कफोर्स के हिसों की रक्षा करना है.

# 'आप' के सात विधायकों ने छोडा केजरीवाल का साथ

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए बीजेपी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पूरा जोर लगा दिया। इस बीच आम आदमी पार्टी के सात सीटिंग विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है।

सबसे पहले महरौली विधायक नरेश यादव के इस्तीफे की खबर सामने आई। इसके एक के बाद एक कई विधायकों ने आम आदमी पार्टी को अलविदा कहना शुरू कर दिया। अभी तक तक कुल सात विधायकों ने आम आदमी पार्टी छोड़ी है। जिन विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है उन सभी के टिकट काट दिए गए गए थे। पालम की विधायक भावना गौड़, महरौली से नरेश यादव, जनकपुरी के विधायक राजेश ऋषि, कस्तूरबा नगर से मदन लाल, त्रिलोकपुरी के रोहित महरौलिया, बिज़वासन के विधायक भूपेंद्र सिंह जून और आदर्श नगर के विधायक पवन शर्मा ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।



### महरौली विधायक नरेश यादव ने इस्तीफा देने की बताई ये वजह

महरौली विधायक नरेश यादव ने केजरीवाल को लिखे पत्र में कहा है कि आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुआ था लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है। मैंने आम आदमी पार्टी ईमानदारी की राजनीति के लिए ही ज्वाइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है।

# गुजरात में 3 नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा की गई

**नई दिल्ली.**



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में राज्य में 3 नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के गुजरात में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में गुजरात के गृह राज्य मंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, गुजरात के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाए गए 3 नए आपराधिक कानूनों की आत्मा, किसी भी मामले में एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 3 साल में न्याय दिलाने के प्रावधान में है। शाह ने गुजरात सरकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए राज्य सरकार से 30 अप्रैल 2025 तक सभी कमिश्नरेट में नए कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा।

# महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

## महिलाओं समेत 15 लोगों ने किया टॉर्चर

**दाहोद.** गुजरात के दाहोद जिले के एक गांव में 35 साल की एक विवाहित महिला को गांव के ही 15 लोगों ने बेरहमी से प्रताड़ित किया. महिला पर गांव के ही एक युवक से अनैतिक संबंध होने का आरोप लगाते हुए आरोपियों ने उसे अर्धनग्न कर पीटा और दोपहिया वाहन से बांध कर गांव में घुमाया. पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक घटना 28 जनवरी की है. पीड़िता उसी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर थी. इसी दौरान 15 लोगों की भीड़ ने लाठी-डंडे लेकर घर पर हमला कर दिया. उन्होंने महिला को पीटा, घर से बाहर निकाल दिया और उसके कपड़े फाड़ दिये. इसके बाद उसे बाइक से बांधकर गांव में घुमाया गया. आरोपियों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.

आरोपियों में 5 महिलाएं भी शामिल हैं, महिला के साथ दुर्व्यवहार करने वाली 15 लोगों की भीड़ में 5 महिलाएं भी थीं. पीड़ित महिला उनसे गुहार लगाती रहती है, लेकिन आरोपी महिला उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करती है. भीड़ ने महिला को अर्धनग्न कर पूरे गांव में घुमाया। कुछ लोग इसका वीडियो बना रहे थे. महिला को परेशान करने वाले आरोपियों के नाम... बहादुर कांति डामोर, संजय बहादुर डामोर, दियार कीर्तन बहादुर डामोर, राजू कांति डामोर, धर्मेंद्र राजू डामोर, गोविंद भारत डामोर, हिमंत गेदल डामोर, पप्पू कल्याण डामोर, गोपाल पप्पू डामोर और विक्रम बहादुर पगी. आरोपी महिलाओं के नाम... हंसाबेन राजू डामोर, चंपाबेन बहादुर डामोर, सीताबेन विनोद सिसौदिया, वर्षाबेन पप्पू कल्याण डामोर और रमिलाबेन हिमंता डामोर।

# विश्व मराठी साहित्य सम्मेलन में फड़णवीस बोले, 'मैं वापस आऊंगा'



**पुणे.** शहर के फर्ग्यूसन कॉलेज मैदान में तीसरे विश्व मराठी साहित्य सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया है. इस साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन के लिए राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार मौजूद थे. इस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार मधु मंगेश कार्णिक को साहित्य भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साहित्य संमेलन के जरिए राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस को एक छोटी बच्ची से कही ये बात याद आ गई, 'मैं फिर आऊंगा'. इस बार उन्होंने कहा, मैं फिर आऊंगा, अपनी पूंछ नहीं छोड़ूंगा।

हाल के दिनों में ठीक कहा गया है. पहले तो मजाक में कहते थे. अंततः एक शब्द हमसे चिपक गया। लेकिन समय के साथ इसके मायने बदल जाते हैं, ऐसा इस मौके पर फड़णवीस ने कहा. लेकिन आप सभी को यह तय करना चाहिए कि जब भी विश्व मराठी सम्मेलन होगा, मैं फिर आऊंगा, मैं फिर आऊंगा, मैं फिर आऊंगा, "देवेंद्र फड़नवीस ने बोलते हुए कहा। उनके इस वाक्य पर दर्शकों के बीच सिर्फ हंसी गूंजी. इस अवसर पर बोलते हुए, फड़नवीस ने मराठी भाषा को विशिष्ट दर्जा मिलने के बाद पहला सम्मेलन आयोजित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। जब मराठी के बारे में सोचते हैं तो स्वातंत्र्य वीर सावरकर के विचार के बिना यह पूरी नहीं होती। यह भी खुशी की बात है कि हमने दिल्ली में साहित्य सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन किया है।

# रामेश्वरम के पंबन ब्रिज पर ट्रेन का ट्रायल

## देश का पहला वर्टिकल लिफ्टअप ब्रिज, 2 किमी लंबा

**रामेश्वरम.**



शुक्रवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में बने नए पम्बन रेलवे ब्रिज पर रामेश्वरम एक्सप्रेस ट्रेन का सफल परीक्षण किया गया। ट्रेन को मंडपम से रामेश्वरम रेलवे स्टेशन पर स्थानांतरित कर दिया गया। इसमें कोई यात्री नहीं था. 2 साल बाद ट्रेन सेवा फिर से शुरू होने से स्थानीय लोग खुश हैं. इसके अलावा भारतीय तटरक्षक बल के गश्ती जहाज के लिए पहली बार वर्टिकल अपलिफ्ट का पुल बनाया गया। इसके बाद नाव पुल के नीचे चली गयी. पम्बन ब्रिज इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण है। बंगाल की खाड़ी पर बना यह पुल 2 किमी लंबा है। इसे मौजूदा पम्बन पुल के समानांतर बनाया गया है। समुद्र में 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 स्पैन 18-3 मीटर और एक स्पैन 72-5 मीटर का है। पंबन ब्रिज देश का पहला वर्टिकल लिफ्टअप ब्रिज है, जो 531 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह पुल रामेश्वरम को तमिलनाडु की मुख्य भूमि से जोड़ता है। पुराने पम्बन ब्रिज का निर्माण 1914 में शुरू हुआ था, निर्मित सबसे प्रारंभिक संरचनाओं में से एक माना जाने वाला पम्बन कैंटिलीवर ब्रिज 1914 में चालू किया गया था।

प्रायद्वीपीय भारत और मन्नार की खाड़ी को जोड़ते हुए, यह मंडपम को रामेश्वरम द्वीप से जोड़ता है। यह पुल दक्षिणी रेलवे के मदुरै डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में आता है। यह 2.06 किमी लंबा है और इसकी लंबाई 145 मीटर (40 फीट) और विस्तार 65-23 मीटर (213 फीट) है। पुल मूल रूप से मीटर गेज के लिए बनाया गया था और बाद में 2006-07 में इसे ब्रॉड गेज मानकों में अपग्रेड किया गया। शिपिंग स्पैन को इसके आविष्कारक के नाम पर शेज़र रोलिंग लिफ्ट स्पैन के रूप में भी जाना जाता है। हर साल हजारों यात्री आते हैं ग्रेट पंबन ब्रिज दुनिया भर से हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। दर्शकों को एक शानदार दृश्य पेश करते हुए, शेज़र रोलिंग स्पैन खूबसूरती से ऊपर उठते हैं और क्रूजर और जहाजों को गुजरने की अनुमति देते हैं। प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को इसी पुल से ले जाया जाता है।

### 110 साल से भी ज्यादा पुराना पुल

पुराना पुल 110 वर्षों से अधिक समय तक सेवा दे चुका है, जो कोडेल जीवन से भी अधिक है। उच्च ज्वार स्तर और गर्डर के तल के बीच केवल 1-5 मीटर जगह उपलब्ध है, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री जल गर्डर पर फैल जाता है। पुल 23 दिसंबर 2022 को बंद कर दिया गया था।

# फिरोजपुर हाईवे पर बड़ा हादसा 9 की मौत, 11 गंभीर घायल

**फिरोजपुर.**




पंजाब के फिरोजपुर इलाके में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया. फिरोजपुर फाजिल्का हाईवे पर सड़क किनारे खड़े एक खराब कैंटर में अनियंत्रित हाई स्पीड पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी. इस भीषण टक्कर में करीब 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 11 लोगों के गंभीर घायल होने की खबर है. खराब कैंटर में महिंद्रा पिकअप की हुई जबरदस्त टक्कर की खबर से दहशत फैल गई है. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को बचाने की कोशिश में जुट गई. घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. इसके अलावा, शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है और पहचान कर परिवार वालों को संपर्क करने की कोशिश की जा रही है. हादसा शुक्रवार सुबह करीब 7.45 पर हुआ. पिकअप वाहन में लगभग 20 लोग सवार थे. ये सभी लोग वेटर बताए जा रहे हैं जो एक शादी समारोह में जलालाबाद की ओर जा रहे थे. बताया जा रहा है कि इस हादसे के बाद कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. फिरोजपुर फाजिल्का हाईवे पर हुए हादसे के दौरान जिनकी मौत हुई है, उनको फाजिल्का के जलालाबाद सिविल अस्पताल के मोर्चरी घर में रखा गया है. वहीं, 11 घायलों को राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने मिल कर एंबुलेंस के जरिए अस्पतालों तक पहुंचाया. घायलों को फरीदकोट मेडिकल कॉलेज, फिरोजपुर हॉस्पिटल और जलालाबाद के अस्पताल में दाखिल कराया गया है.

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

हादसे के समय वहां मौजूद लोगों ने बताया कि पिकअप गाड़ी में काफी ज्यादा लोग सवार थे और गाड़ी भी तेज रफ्तार से चल रही थी. अचानक कंट्रोल खो देने से यह हादसा हुआ. जोरदार आवाज आई और फिर लोगों की चीखें सुनाई दीं. इसके बाद आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और इसी बीच पुलिस को खबर दी गई. फिलहाल, पुलिस हादसे की जांच कर रही है और कारणों का पता लगाने में जुटी है.

# 3 करोड़ महिलाओं को सरकार बनाएगी लखपति दीदी

**नई दिल्ली.**





लखपति दीदी योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई है. इसके जरिए सरकार महिलाओं को फाइनेंशियली सपोर्ट करती है. सरकार की 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की योजना में बिना ब्याज के लाखों रुपये का लोन दिया जाता है. ये योजना सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी है. इस ग्रुप में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं. सेल्फ हेल्प ग्रुपों में बैंक वाली दीदी, आंगनबाड़ी दीदी, दवाई वाली दीदी शामिल हैं.

लखपति दीदी योजना एक स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम है. इसके जरिए देश की सभी दीदियों को स्किल ट्रेनिंग दी जाती है. ताकी वो खुद पैसे कमा सकें. लखपति दीदी योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2023 को की गई थी. ये योजना देश की महिलाओं को इंडिपेंडेट बनाने और फाइनेंशियली स्ट्रॉन्ग बनाने के लिए शुरू की गई है. इस योजना में महिलाओं को अपना खुद का बिजनेस शुरू करने के लिए इंस्पायर किया जाता है.लखपति दीदी योजना में अप्लाई करने के लिए महिलाओं को एक सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए बिजनेस प्लान तैयार करना होगा. जब उनका बिजनेस प्लान बन जाएगा तो उस प्लान को सरकार को भेजा जाएगा. इसके बाद सरकार के अधिकारी एप्लीकेशन को अच्छी तरह से रिव्यू करेंगे. अगर एप्लीकेशन एक्सेप्ट हो जाता है तो योजना का बेनिफिट दिया जाएगा. इसके साथ 5 लाख रुपये तक का लोन भी दिया जाएगा.

### इन दो शर्तों को करना होगा पूरा

लखपति दीदी योजना के लिए अप्लाई करने के लिए महिलाओं के लिए कुछ टर्म्स और कंडीशन भी दी गई हैं. इस योजना में जो सबसे जरूरी शर्त है कि कोई भी महिला अगर इस योजना के लिए अप्लाई करती है तो उसके परिवार में कोई भी सरकारी नौकरी करने वाला सदस्य नहीं होना चाहिए. अगर उस महिला के घर में वेरिफिकेशन के दौरान कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी वाला मिलता है तो उसे इस स्कीम का फायदा नहीं मिलेगा. इसके अलावा इस योजना के लिए केवल वही महिला अप्लाई कर सकती है जिसकी फैमिली ईयरली इनकम 3 लाख रुपये या उससे कम है. 3 लाख रुपये से ज्यादा ईयरली इनकम वाली महिलाएं योजना का हिस्सा नहीं बन सकती हैं.

# महाराष्ट्र में मैग्ना की नई विनिर्माण सुविधा की शुरुआत

**मुंबई.**



दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोटिव आपूर्तिकर्ताओं में से एक और अग्रणी मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी मैग्ना ने आधिकारिक रूप से अपनी नई विनिर्माण सुविधा चाकन, महाराष्ट्र में खोल दी है। यह अत्याधुनिक सुविधा 65,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और मुख्य रूप से पश्चिमी भारत के ग्राहकों की सुविधा के लिए उन्नत लैच और मिरर के उत्पादन के लिए समर्पित है। मैग्ना वर्तमान में भारत में 7,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है और यहां इसकी 14 विनिर्माण और असेंबली सुविधाएं हैं, साथ ही पांच इंजीनियरिंग, उत्पाद और बिक्री कार्यालय भी हैं। इस नए विस्तार के माध्यम से अगले तीन वर्षों में रोजगार के 300 से अधिक नए अवसर मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।कल उद्घाटन समारोह के दौरान परंपरागत पूजा-पाठ के साथ आशीर्वाद लिया गया, जिसके बाद आधिकारिक रूप से रिबन काटने और पट्टिका के अनावरण की रस्म पूरी की गई। मैग्ना एमएमएल (मेक्ट्रॉनिक्स, मिरर और लाइटिंग) के प्रेसिडेंट जेफ हंट ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय नेतृत्व टीम और मैग्ना के अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस सुविधा को अस्तित्व में लाने में शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न भी इस कार्यक्रम में मनाया गया। मैग्ना चाकन में एडवांस किस्म की विनिर्माण क्षमताएं लाने और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देने को लेकर बहुत उत्साहित है। इनोवेशन और संचालन संबंधी उत्कृष्टता को लेकर हमारी प्रतिबद्धता हमें अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बनाती है, जिससे हम उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे प्रॉडक्ट प्रदान कर सकते हैं, जो मोबिलिटी के भविष्य को आगे बढ़ाते हैं।

# आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने की आवश्यकता

> केंद्रीय बजट 2025 को लेकर उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र की अपेक्षाएँ

**नागपुर.**



केंद्रीय बजट 2025 के नजदीक आते ही उद्योग एवं व्यापार जगत उन नीतियों का इंतजार कर रहा है, जो आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देंगी, व्यापार को आसान बनाएं, और विभिन्न उद्योगों की चुनौतियों का समाधान करेंगी। महाराष्ट्र उद्योग एवं व्यापार संघों के चैंबर के अध्यक्ष दीपेन अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि निरंतर औद्योगिक विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप की आवश्यकता है, विशेष रूप से विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे क्षेत्रों में, जिनमें अपार संभावनाएं हैं, लेकिन उन्हें लक्षित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

उद्योग जगत की आयकर दरों में कटौती की उम्मीद जताई जा रही है, खासकर 10 से 20 लाख वार्षिक आय वाले व्यक्तियों के लिए, जिससे उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी और उपभोक्ता वस्त्र तथा ऑटोमोबाइल क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

एमएसएमई (लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्योग) के लिए वित्तीय सहायता, ब्याज में रियायत और प्रोत्साहन योजनाओं की आवश्यकता है। कपड़ा, परिधान, खाद्य प्रसंस्करण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, और ऑटो कंपोनेंट जैसे क्षेत्रों के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजनाओं की शुरुआत से इन उद्योगों को मजबूती मिल सकती है। कृषि क्षेत्र में 15 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की संभावना है, जिसमें उच्च उपज वाले बीज, बेह तर भंडारण और आपूर्ति अवसंरचना, और दालों, तिलहन, सब्जियों एवं डेयरी उत्पादन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह ग्रामीण आय को समर्थन देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद करेगा। विदर्भ और मराठवाड़ा जैसे औद्योगिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष पैकेज, बुनियादी ढांचे का विकास और कर लाभ सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि संतुलित आर्थिक विकास संभव हो सके।

बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कर-मुक्त बांड और कर-भुगतान बॉंड जैसी योजनाओं की घोषणा की उम्मीद है, जिससे वित्तीय लागत कम होगी और परियोजनाओं में तेजी आएगी। कराधान और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाने की उम्मीद है, जिससे व्यापारियों पर प्रशासनिक भार कम हो। इसके अलावा, हरित अर्थव्यवस्था पहल के तहत जलवायु प्रतिबद्धताओं की दिशा में ग्रीन टैक्सोनॉमी की शुरुआत और प्राकृतिक आपदाओं के जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए डिजास्टर पूल की स्थापना से स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

व्यापार सुगमता और लॉजिस्टिक्स विकास के लिए बेहतर अवसंरचना, व्यापार नियमों का सरलीकरण, और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, रिटर्न और ऑडिट की संख्या को कम करना, और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापार अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। निर्माण और खुदरा क्षेत्र को मजबूती देने के लिए घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने, 'मेक इन इंडिया' पहल को प्रोत्साहित करने और स्थानीय व्यापारियों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए नीतियों की जरूरत है। दीपेन अग्रवाल ने कहा कि एक प्रगतिशील और विकासोन्मुखी बजट न केवल आर्थिक विस्तार को गति देगा, बल्कि यह उद्योगों को रोजगार सृजन और राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी योगदान देने में सक्षम बनाएगा। सीएएमआईटी (केंद्रीय उद्योग और व्यापार परिषद) वित्त मंत्री से इन अपेक्षाओं पर विचार करने का अनुरोध करता है और ऐसे उपायों का इंतजार कर रहा है, जो भारत के उद्योग और व्यापार पारिस्थिति तंत्र को और अधिक मजबूत करें।

# डालमिया भारत फाउंडेशन ने 'स्वागतम द्वार' का उद्घाटन किया




**चंद्रपुर.**

समुदाय कल्याण और सामाजिक पायाभूत सुविधा विकास के लिए वचनबद्धता को मजबूत करते हुए, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा (सीएसआर), डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ ) ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर के अंतरगांव में सुंदर डिजाइन किए गए 'स्वागतम द्वार' का उद्घाटन किया। यह प्रवेशद्वार गांव की प्रतीकात्मक पहचान के रूप में खड़ी गई है। पर्यटकों का स्वागत करते हुए समुदाय की 'चैतन्यशील सांस्कृतिक वारशाचा' इससे सम्मान किया गया है। इस उपक्रम की वजह से गांव की पहचान मजबूत करते समय 1,814 निवासियों को फायदा होगा, जिसकी वजह से ग्रामवासियों में अभिमान की भावना निर्माण होगी। प्रदेश के सर्वांगीण विकास में यह प्रवेशद्वार योगदान देगा।

उद्घाटन समारोह में सुधीर रंजन मोहांती, मानव संसाधन प्रमुख, डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड-चंद्रपुर, गांव के सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्रामवासी, शालेय विद्यार्थी और डालमिया भारत फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस उपक्रम से डालमिया भारत के समुदायों को सेवा प्रदान करते हुए उनके शाश्वत और समावेशक विकास के वचनबद्ध अधोरेखित हो रहे है।

# टोयोटा किर्लोस्कर ने टोयोटा हैकाथॉन 2025 का समापन किया

**मुंबई.**



टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज मुंबई में आयोजित 24 घंटे के अपने टोयोटा हैकाथॉन 2025 के सफल समापन की घोषणा की। 'सड़क सुरक्षा माह' (18 जनवरी - 17 फरवरी, 2025) के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में मुंबई भर के 100 से अधिक स्कूलों के 400 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा चुनौतियों के लिए महत्वपूर्ण और व्यावहारिक समाधान विकसित करना था। कार्यकम्र का समापन विद्यालंकार इंस्टीट्यूट, वडाला (पूर्व) में हुआ, और इसके साथ ही कंपनी ने शिक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के ओबीसी कल्याण, डेयरी विकास और अक्षय ऊर्जा मंत्री माननीय अतुल मोरेश्वर सावे मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि अर्पित सावे, अध्यक्ष, चैंबर ऑफ मराठवाड़ा उद्योग और कृषि थे। इस मौके पर टीकेएम के वरिष्ठ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले और प्रशासन तथा सुदीप दलवी, मुख्य संचार अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राज्य मामलों के प्रमुख शामिल थे। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में हर साल होने वाली मौतों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज़्यादा है, और हर साल, देश में सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1,50,000 से ज़्यादा मौतें होती हैं। इस संकट को समझते हुए, टीकेएम ने 2018 में टोयोटा हैकाथॉन की शुरुआत की थी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। टोयोटा हैकाथॉन, टीकेएम की सड़क सुरक्षा पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में सड़क सुरक्षा को शामिल करता है। हैकाथॉन में कुल पांच चरण थे: मुंबई में सफलता के बाद, टोयोटा हैकाथॉन 2025 का आयोजन बैंगलोर में 14 फरवरी को किया जाएगा। इस शैक्षणिक वर्ष में, टीकेएम का लक्ष्य 300 संस्थानों तक इस पहल का विस्तार करना है।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के ओबीसी कल्याण मंत्री अतुल मोरेश्वर सावे ने कहा, "टोयोटा हैकाथॉन 2025 एक उल्लेखनीय पहल है यह पहल एक लहर प्रभाव पैदा करती है जो समुदायों को सुरक्षा और स्थिरता को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करती है। टीकेएम के कंट्री हेड विक्रम गुलाटी ने कहा, "हम मानते हैं कि युवा पीढ़ी को सशक्त बनाकर बदलाव लाया जा सकता है। टोयोटा हैकाथॉन 2025 सड़क सुरक्षा और नवाचार के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पहल युवा मस्तिष्कों को एक साथ लाकर सुरक्षित सड़कों के लिए समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।"

टीकेएम के चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुदीप दलवी ने कहा, "टोयोटा हैकाथॉन 2025 यह दर्शाता है कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह समुदायों में जागरूकता, जवाबदेही और सक्रिय व्यवहार को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। यह पहल हमारे देश में एक सुरक्षित और समावेशी भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। टोयोटा हैकाथॉन 2025 भारत में सड़क सुरक्षा और गतिशीलता को आगे बढ़ाने के लिए टीकेएम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एक प्रमुख सीएसआर पहल के रूप में, यह टोयोटा सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम (टीएसईपी) का पूरक है, जिसने 2007 से 800,000 से अधिक छात्रों को प्रभावित किया है।

# सैमसंग ने एजुकेशन को दी नई दिशा

> स्मार्ट टीवी पर ईएमआईबीई का एआई -पावर्ड लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म हुआ उपलब्ध

**गुरुग्राम.**




भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने ईएमआईबीई के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। ईएमआईबीई एक एआई-आधारित पर्सनलाइज्ड लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सहज बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस सहयोग के तहत ईएमआईबीई को सैमसंग के एजुकेशन हब ऐप में जोड़ा जाएगा। यह ऐप विशेष रूप से टीवी पर शैक्षिक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिससे छात्रों को एक व्यक्तिगत और इंटरएक्टिव सीखने का अनुभव मिलेगा।

इस पहल के माध्यम से, सैमसंग और ईएमआईबीई मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि टीवी सिर्फ मनोरंजन का माध्यम न रहकर, एक ऐसा उपकरण बन जाए जो छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक हो।

सैमसंग इंडिया के विज़ुअल डिस्प्ले बिज़नेस के वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि सैमसंग एजुकेशन हब ऐप का उद्देश्य टीवी को महज मनोरंजन का साधन न रहने देकर इसे ऑनलाइन शिक्षा के एक सरल और प्रभावी मंच में बदलना है। यह 'डिज़ाइन-फॉर-टीवी' शिक्षा ऐप ऑनलाइन लर्निंग के अनुभव को पूरी तरह से नया रूप देने के लिए तैयार है। इसका लक्ष्य इसे सभी के लिए रोचक और आसानी से सुलभ बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि सैमसंग का विज़न एक ऐसा भविष्य बनाना है जहां शिक्षा की कोई सीमा न हो और ज्ञान सिर्फ एक बटन के क्लिक पर उपलब्ध हो सके।

ईएमआईबीई की खासियत इसका एआई-संचालित व्यक्तिगत अभ्यास है, जो हर छात्र की सीखने की जरूरतों और स्तर के हिसाब से खुद को ढाल लेता है। छात्र यहां से 54,000 से अधिक अभ्यास परीक्षणों में से अपनी जरूरत के मुताबिक विकल्प चुन सकते हैं और अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए विशेष स्कोर-सुधार सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

यह कंटेंट सैमसंग के 2024 मॉडल के सभी टीवी और स्मार्ट मॉनिटर पर उपलब्ध होगा और धीरे-धीरे पुराने मॉडल्स पर भी इसे लाया जाएगा। ईएमआईबीई के मौजूदा सब्सक्राइबर्स, जिनके पास सैमसंग टीवी है, वे इस प्लेटफॉर्म का सीधा और सरल उपयोग कर सकते हैं। साथ ही, नए उपयोगकर्ता भी इस शैक्षिक सामग्री का लाभ उठाने के लिए सदस्यता ले सकते हैं। इस साल की शुरुआत में, सैमसंग ने 2023 और 2024 के अपने टीवी मॉडल्स पर सैमसंग एजुकेशन हब के लिए फिजिक्स वाला जैसे प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की थी। अब ईएमआईबीई के साथ यह नई साझेदारी छात्रों को एक उन्नत और सहज शिक्षा का अनुभव प्रदान करने का प्रयास है। सैमसंग न्यूज़रूम इंडिया: सैमसंग ने स्मार्ट टीवी और स्मार्ट मॉनिटर के लिए सैमसंग एजुकेशन हब ऐप में ईएमआईबीई के ए आई -संचालित लर्निंग प्लेटफॉर्म को एकीकृत किया है.

# सरकारी कर्मचारियों की बढ़ जाएगी सैलरी

> पेंशन में भी होगा इजाफा

**नई दिल्ली.**



सरकारी कर्मचारियों की बल्ले बल्ले हो गई है. दरअसल, उनकी सैलरी से लेकर पेंशन बढ़ने वाली है. सरकार ने आठवां वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद से केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं. ऐसे में आइए जानते हैं कितनी सैलरी और पेंशन बढ़ेगी?

वैसे तो आठवां वेतन आयोग आने के बाद से कई लोगों ने पूरा जमा-घटा करने के बाद कई गुना तक सैलरी बढ़ने का अनुमान लगाया है. इस बात में कितनी सच्चाई ये तो सरकार ही जाने लेकिन ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में 10 से लेकर 30 परसेंट तक ही बढ़ोतरी होने का अनुमान है. मतलब ये कि जिसे 1 लाख रुपये सैलरी मिल रही है उसकी सैलरी बढ़ोतरी के बाद 1,30,000 रुपये हो जाएगी.

8वे वेतन आयोग में अधिकतम फिटमेंट फैक्टर 2.86 होने की संभावना बताई जा रही है और अगर ऐसा होता है तो इसके आधार पर केंद्रीय कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी 51480 रुपए तक बढ़ सकती है.

ज्यादातर जानकारों का मानना है कि केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी 41000 रुपए से लेकर 51480 रुपए महीना के बीच हो सकती है. इसमें प्यून की सैलरी से लेकर टीचर, आईएएस सबकी सैलरी बढ़ेगी. वेतन आयोग सरकारी कर्मचारियों के लिए वेतन स्ट्रक्चर, भत्ते और अन्य लाभों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसकी सिफारिशें देश भर के लाखों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं. 49 लाख से अधिक केंद्र सरकार के कर्मचारी और लगभग 65 लाख पेंशनभोगी हैं जिन्हें 8वें वेतन आयोग के कार्यान्वयन से लाभ होगा. केंद्रीय वेतन आयोग आमतौर पर मुद्रास्फीति सहित विभिन्न आर्थिक संकेतकों पर विचार करते हुए, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए वेतनमान, भत्ते और लाभों का मूल्यांकन और संशोधन का सुझाव देने के लिए हर दशक में एक बार स्थापित किया जाता है. 1947 से अब तक सरकार सात वेतन आयोगों का गठन कर चुकी है. वेतन आयोग सरकारी कर्मचारियों के लिए वेतन संरचना, लाभ और भत्ते तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. अधिकांश राज्य-स्वामित्व वाले संगठन आयोग की सिफारिशों का पालन करते हैं.

### कब मिलेगी बढ़ी सैलरी और पेंशन

बात करें अगर कि कर्मचारी और पेंशन होल्डर्स को बढ़ी हुई सैलरी और पेंशन कब तक मिलेगी तो कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि 8वें वेतन आयोग की सिफारिश को 1 जनवरी 2026 से लागू किया जा सकता है. अगर किसी कारण के चलते 8वें वेतन आयोग को सही समय पर लागू नहीं किया जाता और लागू करने में देर हो जाती है तो सरकार 1 जनवरी से बढ़े हुए पैसे जोड़कर कर्मचारियों और पेंशन होल्डर्स को पैसे देगी. यानी उन्हें इस पैसे पर एरियर भी मिलेगा.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र सह्याद्री
• राजलक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 05 • तिकिट कि. रु. 15/- • सोडत दिनांक 31/01/2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 10000/- | SR-02 : 5951 | | |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 4640 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1333 प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण | 2690 प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण | 4092 |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1081 | 2162 | 3324 | 4482 | 5425 |
| 1341 | 2192 | 3461 | 4486 | 5495 |
| 1377 | 2253 | 3733 | 4788 | 5514 |
| 1596 | 2316 | 3756 | 4824 | 5521 |
| 1625 | 2476 | 3851 | 4844 | 5526 |
| 1785 | 2775 | 3864 | 4845 | 5527 |
| 1869 | 2972 | 4149 | 5185 | 5806 |
| 2049 | 3203 | 4203 | 5301 | 5858 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत
तिकिट किंमत रु. 50/-
सोडत दिनांक 11-02-2025
रु. 22 लाख
रु. 2 लाख
रु. 12 लाख
महाराष्ट्र सह्याद्री राजलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत दिनांक 31/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी
शुक्र विकली लॉटरी
सोडत वेळ. 4:45 वाजता
सोडत दर शुक्रवार • सोडत क्रमांक 05 • तिकिट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 31/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 6160 | 6630 | 0773 | 0739 | 5456 |
| सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES | | | | | |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 0161 | | 7730 | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1110 | 1653 | 2849 | 4935 | 5659 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0667 | 1637 | 1655 | 1810 | 2271 | 2965 | 5423 | 5694 | 7220 | 9624 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1428 | 2801 | 3899 | 4479 | 4717 | 6123 | 6272 | 7894 | 8692 | 8950 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 0750 | 1697 | 3031 | 4090 | 5174 | 5835 | 6849 | 7775 | 8688 | 9395 |
| | 0792 | 1710 | 3034 | 4386 | 5254 | 5855 | 6860 | 7776 | 8782 | 9430 |
| 0072 | 0880 | 1749 | 3130 | 4421 | 5455 | 5861 | 6890 | 7786 | 8787 | 9496 |
| 0081 | 0915 | 1798 | 3133 | 4445 | 5492 | 6056 | 7036 | 7812 | 8800 | 9526 |
| 0123 | 0953 | 1850 | 3233 | 4564 | 5516 | 6057 | 7047 | 7865 | 8812 | 9527 |
| 0207 | 0957 | 1881 | 3288 | 4597 | 5527 | 6066 | 7081 | 7870 | 8865 | 9533 |
| 0221 | 0976 | 1912 | 3310 | 4606 | 5531 | 6070 | 7112 | 7874 | 8873 | 9569 |
| 0293 | 0990 | 1960 | 3318 | 4694 | 5551 | 6186 | 7203 | 7889 | 8877 | 9649 |
| 0298 | 1014 | 1964 | 3328 | 4744 | 5563 | 6196 | 7267 | 7973 | 8889 | 9693 |
| 0346 | 1022 | 2016 | 3557 | 4754 | 5569 | 6276 | 7336 | 8183 | 8897 | 9711 |
| 0382 | 1118 | 2068 | 3593 | 4770 | 5584 | 6437 | 7397 | 8211 | 9032 | 9717 |
| 0423 | 1125 | 2157 | 3651 | 4846 | 5625 | 6568 | 7400 | 8229 | 9060 | 9763 |
| 0447 | 1259 | 2227 | 3736 | 4856 | 5645 | 6610 | 7455 | 8273 | 9073 | 9769 |
| 0497 | 1312 | 2280 | 3930 | 4993 | 5649 | 6644 | 7525 | 8482 | 9075 | 9843 |
| 0571 | 1315 | 2284 | 3944 | 5023 | 5685 | 6661 | 7553 | 8518 | 9185 | 9910 |
| 0705 | 1397 | 2315 | 3949 | 5114 | 5695 | 6675 | 7567 | 8598 | 9250 | 9929 |
| 0707 | 1439 | 2581 | 3984 | 5130 | 5758 | 6693 | 7678 | 8607 | 9277 | 9979 |
| 0709 | 1516 | 2652 | 3985 | 5148 | 5785 | 6694 | 7743 | 8645 | 9302 | 9983 |
| 0711 | 1681 | 2820 | 4046 | 5150 | 5832 | 6764 | 7761 | 8682 | 9332 | 9994 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 25/02/2025
पहिले सामाईक बक्षिस रु. 14 लाख
₹ 2.5 लाख
₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शुक्र विकली लॉटरी
सोडत दिनांक 31/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# चेंबूर में देर रात ढहा मेट्रो का पिलर

## लोगों में दहशत का माहौल, प्रशासन पर उठे सवाल

**मुंबई.**

चेंबूर इलाके के सुमन नगर में मेट्रो का एक निर्माणाधीन पिलर (लोहे का ढांचा) गिर गया। मुंबई में ठाणे-वडाला मेट्रो लाइन 4 के एक खंभे के निर्माण के लिए बनाया गया लोहे का ढांचा पास में स्थित एक 'हाउसिंग सोसाइटी' के परिसर में गिर गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना चूनाभट्टी इलाके के सुमन नगर जंक्शन पर हुई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। एक अधिकारी के अनुसार, खंभा नंबर 105सी के लिए



आठ मीटर ऊंचे लोहे के इस ढांचे को कंक्रीट के ब्लॉक के सहारे रस्सियों से बांधा गया था, जो एक 'हाउसिंग सोसाइटी' के परिसर की दीवार पर गिर गया।

अधिकारी ने कहा, ''जर्मन और अमेरिकी कंपनी 'जनरल कंसल्टेंट डीबीइंजीनियरिंग-हिल-एलबीजी' मामले की जांच करेगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी एमएमआरडीए अधिकारी के अनुसार, सीमेंट कंक्रीट के खंभे का निर्माण कार्य जारी था। खंभे का निचला 4.5 मीटर का भाग बन चुका था जबकि ऊपरी आठ मीटर भाग का निर्माण अभी जारी था। अधिकारी ने बताया कि आमतौर पर लोहे के इस तरह के ढांचे को जगह पर रखने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस ने व्यस्त चौराहे पर क्रेन की अनुमति नहीं दी, इसलिए ढांचे को कंक्रीट के ब्लॉक के सहारे रस्सियों से बांधकर सुरक्षित किया गया था।

### सोसाइटी की सुरक्षा केबिन ध्वस्त

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के एक अधिकारी ने कहा, ''इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन सोसाइटी के सुरक्षा केबिन की धातु की शीट क्षतिग्रस्त हो गई।" उन्होंने कहा कि मुआयना करने के लिए एक टीम मौके पर पहुंच गई है। अधिकारी ने कहा कि एमएमआरडीए ने घटना की स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं, जो दो दिन में पूरी हो जाएगी।

## गुलियन-बैरे सिंड्रोम से पुणे में एक और मौत

**पुणे.**



पुणे में गुलियन-बैरे सिंड्रोम से अब एक और मौत की खबर सामने आई है, जिसके बाद इस सिंड्रोम से अब कुल 3 मौतें हो चुकी है। इस बारे में एक अधिकारी ने जानकारी दी कि गुलियन-बैरे सिंड्रोम से जूझ रहे 36 साल के शख्स के एक व्यक्ति की पुणे के अस्पताल में मौत हो गई। व्यक्ति का इलाज पुणे के एक सरकारी अस्पताल में कराया जा रहा था, जहां इलाज के दौरान ही पीड़ित 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। आपको जानकारी दें कि महाराष्ट्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग कि ओर से दी गई जानकारी में पुणे और राज्य के अन्य जिलों में जीबीएस के कुल संदिग्ध मामलों की संख्या 127 है, जिनमें से 72 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। अब तक जीबीएस के 127 से ज्यादा मामलों की पहचान की गई है, जिसमें 2 संदिग्ध मौतें भी शामिल हैं। इनमें से 72 रोगियों में जीबीएस की पुष्टि हुई है। 23 रोगी पुणे नगर निगम से हैं, 73 पीएमसी क्षेत्र में नए जोड़े गए गांवों से हैं, 13 पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम से हैं, 9 पुणे ग्रामीण से हैं और 9 अन्य जिलों से हैं। प्रभावित व्यक्तियों में से 20 वर्तमान में वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं और इनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। शहर के विभिन्न भागों से पानी के नमूने रासायनिक और जैविक विश्लेषण के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जांच के लिए में भेजे गए हैं। जीबीएस से हाथ या पैर में अचानक कमजोरी/लकवा हो सकता है। लोगों को चलने में परेशानी हो सकती है या अचानक कमजोरी और दस्त हो सकते हैं। नागरिकों को पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जैसे कि उबला हुआ पानी पीना, भोजन ताजा और साफ होना चाहिए। पके और बिना पके खाद्य पदार्थों को एक साथ न रखकर भी संक्रमण से बचा जा सकता है। साफ सफाई का ध्यान रखना, बार-बार हाथ धोना, फोन को भी सैनिटाइड करना जैसी बातों का खास ध्यान रखें।

## शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए बिजनेसमैन अभिषेक वर्मा

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की फौज अब बढ़ते ही जा रही है। एकनाथ शिंदे की फौज में अब बिजनसमैन भी शामिल हो रहे है, जो कि शिवसेना को और मजबूत कर रहे है। मुंबई के बिजनेसमैन और हथियार डीलर अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को एकनाथ शिंदे का हाथ थाम लिया। सूत्रों के अनुसार, अभिषेक वर्मा को शिवसेना पार्टी के समन्वयक का पद दिया गया है। आपको बताते चले कि उन पर पहले चॉपर घोटाला, पनडुब्बी खरीदने पर घोटाला मामलों में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगाए गए थे। हालांकि, 2015 और 2017 में अदालतों ने भी अभिषेक वर्मा को इन सभी आरोपों से बरी कर दिया था।



अभिषेक वर्मा के खिलाफ इन मामलों में सीबीआई टीम ने जांच की थी। इनमें से एक मामले में उनकी पत्नी अनका वर्मा भी आरोपी साबित हुई थी, लेकिन उन्हें भी सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था। जिस समय अभिषेक वर्मा शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ जुड़े तो इस समय उनकी पत्नी के साथ उनके बेटे भी उनके साथ मौजूद थी। इस बारे में शिवसेना के एकनाथ शिंदे ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया और इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा, "जाने-माने उद्योगपति अभिषेक वर्मा आज सार्वजनिक रूप से शिवसेना पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर उनका पार्टी में स्वागत किया गया और उनके भविष्य के सामाजिक और राजनीतिक सफर के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद थे।

## "यमुना में डुबकी मारो और अपनी गलतियां सुधारो"

### > फडणवीस का केजरीवाल पर बोला हमला

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दिल्ली विधानसभा चुनाव के चलते दिल्ली के चुनावी दौरे पर है। गुरुवार को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के दौरान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम ने वादा किया था कि वह यमुना नदी को साफ करेंगे और अपने मंत्रिमंडल के साथ इसमें डुबकी लगाएंगे।



बलबीर नगर में एक रैली में बोलते हुए महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस ने यमुना प्रदूषण को लेकर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह यमुना नदी को साफ करेंगे और अपने मंत्रिमंडल के साथ इसमें डुबकी लगाएंगे और वोट मांगेंगे। लेकिन यमुना का पानी पहले से भी ज्यादा गंदा है अरविंद केजरीवाल जी अभी अपनी कैबिनेट के साथ चुल्लू भर पानी में डुबकी मारो और दिल्ली से अलविदा हो जाओ। यही दिल्ली की जनता आपसे कह रही है। फडणवीस ने केजरीवाल पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे को धोखा देने का आरोप लगाया और दावा किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पद पर बैठने के लिए अन्ना हजारे को दरकिनार कर दिया। उन्होंने कहा, "दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल के दस साल के शासन को देखा है। जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली आए थे, तो अन्ना हजारे का हाथ और उंगली पकड़कर आए थे और कह रहे थे कि भ्रष्टाचार को खत्म करना है। दिल्ली को सजाना है, ऐसी बातें कह कर आए थे। पता नहीं कब उन्होंने अन्ना हजारे को भी धक्का दे दिया और दिल्ली की गद्दी (सीएम सीट) पर आकर बैठ गए।

### दिल्ली में महिलाएं लाएगी बदलाव

गोकलपुर विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार प्रवीण निमेश के लिए प्रचार करते हुए फडणवीस ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा विजयी होगी। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, "दिल्ली ने अपना मन बना लिया है। दिल्ली के लोग भाजपा के साथ जाने वाले हैं। दिल्ली की महिलाएं दिल्ली में बदलाव लाने जा रही हैं। दिल्ली की बहनों ने नकली केजरीवाल सरकार को घर में बंद करने और भाजपा सरकार लाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा की सरकार सत्ता में आएगी।

मैं महाराष्ट्र से हूं और अन्ना हजारे से हमेशा मिलता रहता हूं, जो कहते हैं कि अगर देश में सबसे बेईमान कोई होगा, तो वह केजरीवाल होंगे।

## मां ने दोस्त से कराया बेटी का बलात्कार

**मुंबई.** मां-बेटी के रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक मां पिछले कई सालों से अपनी 15 साल की बेटी का दोस्त से रेप करवा कर रही थी. युवती की शिकायत पर केस दर्ज पर पुलिस ने आरोपी मां और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है. युवती ने बताया कि वीडियो कॉल पर कपड़े उतरवाने के लिए मां मजबूर करती थी. साथ ही किसी को बातने पर धमकी भी देती थी.

मुंबई के निर्मल नगर इलाके में एक मां अपनी 15 साल की बेटी का दोस्त से रेप कराया. आरोपी मां बेटी से साल 2022 से 2025 के बीच दोस्त से कई बार रेप करवाया. पीड़ित ने पुलिस का बताया कि वह स्कूली छात्र है और अपने मां के साथ रहती थी. माता-पिता का तलाक हो चुका है. इसलिए पिता अलग रहते



है. पीड़ित ने बताया कि मां ने अपने दोस्त से मेरे कई बार रेप कराया है. पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़िता की मेडिकल जांच कराई. जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि बार-बार दुष्कर्म के कारण पीड़िता संक्रमण हो गया है. रिपोर्ट सामने आने के बाद आरोपी मां और उसके दोस्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया. पुलिस का कहना है कि उन्होंने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, पुलिस अब उस शख्स की तलाश कर रही है, जिसने नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म किया है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पकड़े गए अवैध बांग्लादेशी

### >जाली पासपोर्ट किए बरामद

**मुंबई.**

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अधिकारियों मुंबई में घूसते ही 2 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस की कार्रवाई में पता चला कि उनके पास दो पासपोर्ट भी बरामद हुए है। बांग्लादेशियों को असली पहचान पुलिस ने कर ली है। इनमें शाबिकुन नाहर अबु अहमद नाम की एक महिला शामिल है, जिसने दो अलग-अलग नामों से भारतीय पासपोर्ट बनवाया था। कार्रवाई में पता चला कि इस पासपोर्ट का इस्तेमाल कर वह सऊदी अरब और बांग्लादेश की यात्रा भी कर चुकी थी। इसके अलावा, वर्सोवा पुलिस ने यारी रोड इलाके से दो अन्य बांग्लादेशी नागरिकों पिता मोनेर बख्तियार शेख और पुत्र बख्तियार दोसुर शेख को हिरासत में लिया है।



अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मुंबई की वर्सोवा पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और मुंबई में रहने के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए गए।

पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है और उनकी गतिविधियों और जाली दस्तावेज हासिल करने के तरीके की आगे की जांच शुरू कर दी है। इससे पहले ठाणे पुलिस के मानव तस्करी निरोधक प्रकोष्ठ ने ठाणे पश्चिम के मनोर पाड़ा इलाके में अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेशी मूल की चार महिलाओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान शाजिदा खातून (38), शालिना मुल्ला (50), रत्ना खातून (40) और रेशमा ढाली (40) के रूप में हुई है। 22 जनवरी को मुंबई में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) की 8वीं अदालत ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और जाली दस्तावेजों के साथ रहने का दोषी पाए जाने पर कारावास और जुर्माना की सजा सुनाई थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा द्वारा प्रस्तुत सबूतों के आधार पर एडिशनल सीजेएम कंचन झंवर ने यह फैसला सुनाया।

## पूर्व सांसद रवींद्र धांगेकर छोड़ेंगे कांग्रेस?

**मुंबई.** पुणे के पूर्व सांसद रवींद्र धांगेकर के बारे में कहा जा रहा था कि वह कांग्रेस छोड़ सकते हैं लेकिन उन्होंने शुक्रवार को इससे इनकार किया है. यह चर्चा तब शुरू हुई थी जब उन्होंने एक दिन पहले डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से मुंबई में मुलाकात की थी.

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक रवींद्र धांगेकर ने कहा, 'नहीं, मैं कांग्रेस नहीं छोड़ रहा. अगर मुझे कांग्रेस छोड़ना होता तो मैं उसे नहीं छिपाता.'' शिवसेना चीफ एकनाथ शिंदे से मुलाकात पर रविंद्र धांगेकर ने कहा, ''मैं डिप्टी सीएम से कुछ काम के सिलसिले में कल मिला.



दरअसल, शिवसेना ने हाल ही में 'ऑपरेशन टाइगर' शुरू किया है जिसका मकसद कांग्रेस, एनसीपी-एसपी और शिवसेना-यूबीटी के नेता को पार्टी में शामिल करना है.

इसकी जिम्मेदारी शिवसेना के वरिष्ठ नेता उदय सामंत को दी गई है. महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी के विभाजन के बाद से ही दलबदल का क्रम जारी है. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान दलबदल काफी तेज हो गया था. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में हारने के बाद से रविंद्र धांगेकर दुखी हैं. 2023 में कस्बा विधानसभा सीट से चुनाव जीतने के बाद धांगेकर ने कांग्रेस के निराश कार्यकर्ताओं में जान फूंक दी थी. उसके बाद से कांग्रेस ने पुणे में पार्टी का मनोबल बढ़ाने की जिम्मेदारी उन्हें दी थी जहां कांग्रेस के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आ रही थी. रवींद्र धांगेकर के कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर पार्टी के एक और नेता का बयान आया. कांग्रेस नेता मोहन जोशी, रवींद्र धांगेकर से मिलने उनके घर शुक्रवार को गए थे. इस मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि धांगेकर कांग्रेस छोड़कर नहीं जाएंगे. उन्हें डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से कुछ काम था इसलिए उनसे मिलने के लिए गए थे.

## मई में खुलेगा नवी मुंबई एयरपोर्ट

**मुंबई.** मुंबई के लोगों के लिए खुशखबरी है। मई महीने में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट सर्विस शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी के मिली जानकारी के मुताबिक नए एयरपोरट का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। शुरुआत में सिर्फ टी-1 टर्मिनल और एक रनवे से काम शुरू होगा। धीरे-धीरे बाकी सुविधाएं भी शुरू होंगी। पिछले 70 साल में मुंबई की आबादी 10 गुनी से ज्यादा हो गई मगर एयरपोर्ट एक ही रहा। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद मुंबई एयरपोर्ट के T2 से चलने वाली कुछ फ्लाइट नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट हो जाएगी। नया एयरपोर्ट महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के उलवे में बनाया गया है।

## माता-पिता ने अपनी छह दिन की बच्ची का किया सौदा

**मुंबई.**

मुंबई से सटे ठाणे जिले में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसमें रुपयों के लालच में माता-पिता ने अपनी छह दिन की बच्ची को सौदा कर डाला। उन्होंने 90 हजार रुपये में मासूम बच्ची को बेच दिया। जब इसकी भनक बच्ची की दादी को लगी तो उन्होंने पोती को को बचाने के लिए माता-पिता और खरीदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी। दादी की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और मासूम बच्ची को बचाते हुए आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। पुलिस के अनुसार यह घटना 22 जनवरी को उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 के मराठा सेक्शन में रहने वाले गायकवाड़ परिवार के साथ घटी। गायकवाड़ परिवार में एक बच्ची का जन्म हुआ। हैरानी की बात यह है कि जन्म के मात्र छह दिन बाद ही माता-पिता ने बच्ची को बेच दिया। जब दादी अपनी नवजात पोती को देखने अस्पताल पहुंची, तो उन्हें पता चला कि बच्ची गायब है। अपने बेटे विशाल से पूछताछ करने पर उसने बच्ची को बेचने की बात कबूल कर ली। जैसे ही दादी को छह दिन बच्ची को बेचने की जानकारी मिली वैसे ही दादी का दिल टूट गया। दादी ने अपनी पोती को वापस लाने की ठान ली। उसने विशाल से पैसे वापस करने और बच्ची को वापस लाने की विनती की।

## भ्रष्टाचारी नेताओं को गले लगा रही बीजेपी

### >राज ठाकरे ने बीजेपी पर साधा निशाना

**मुंबई.**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अध्यक्ष राज ठाकरे का बीजेपी से मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि एक समय बीजेपी भ्रष्टाचार के जिन आरोपी नेताओं को जेल भेजने की बात कह रही थी अब उनके साथ मेल करते हुए उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया है।

मनसे प्रमुख नेता राज ठाकरे मुंबई में अपनी पार्टी की एक विशेष बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने एक बार कहा था कि करोड़ों रुपये के घोटाले में शामिल नेताओं को सलाखों के पीछे डाला जाएगा लेकिन उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राज ने बीजेपी को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान किया था। उन्हें उम्मीद थी कि इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिलेगा लेकिन बीजेपी की अगुवाई में बनी महायुति से मनसे का समझौता नहीं हो पाया। मनसे ने विधानसभा चुनाव में 100 से भी ज्यादा उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन एक भी चुनाव जीतने में



सफल नहीं हो सका। यहां तक की राज के बेटे अमित ठाकरे भी माहिम विधानसभा सीट से चुनाव हार गए। यही वजह है कि मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे बीजेपी से भड़के हुए हैं। राज ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी संदेह जताया और पूछा कि कैसे अजित पवार के नेतृत्व वाली राकां ने लोस चुनाव में केवल एक सीट जीतने के कुछ महीने बाद ही 42 विस सीटों पर जीत हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि 70,000 करोड़ रुपये के घोटाले में शामिल लोगों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार ने राज ठाकरे के बयान पर कहा, "राज ठाकरे ने अपने पदाधिकारियों की राज्य स्तरीय सभा में एक नैरेटिव सेट करने का प्रयास किया लेकिन यह बयान आंशिक जानकारी पर आधारित है। भाजपा ने कभी समझौते की राजनीति नहीं की। राष्ट्र प्रथम के तहत हमारे लिए देश सबसे पहले हैं।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आज आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

वृषभ -आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको ज्यादा ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कर्क-आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। यदि आप किसी दूसरी नौकरी की तलाश कर रहे थे.

सिंह- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आप अपने आप को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कन्या-आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। घर परिवार में लोग आपके कामों की तारीफ करेंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। शौक मौज की चीजों पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

वृश्चिक-आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्य में आपकी रुचि रहेगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आज आप आनंद में समय व्यतीत करेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित होने से बचना होगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे और आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी भी कर सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप आवेश में आकर खर्च न करें क्योंकि लोग आपको बहकाने की कोशिश करेंगे।

## बीड में अब नहीं चलेगी गुंडागर्दी

### > अजित पवार ने दी चेतावनी
### > पंकजा और धनंजय मुंडे से मांगी मदद

**मुंबई.**

डिप्टी सीएम अजित पवार बतौर पालक मंत्री गुरुवार को बीड की जिला नियोजन समिति की बैठक में भाग लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुंडों को जमकर हड़काते हुए कहा कि मैं कोई साधु संत नहीं हूं। बीड के विकास के लिए सभी लोगों को साथ लेकर काम करूंगा। उन्होंने आगे कहा, काम मुख्यमंत्री के स्तर के हैं।



उन्हें मैं सीएम देवेंद्र फडणवीस के संज्ञान में लाऊंगा। बीड के विकास के लिए मंत्रिमंडल में मेरे 2 सहयोगी धनंजय मुंडे और दूसरी पंकजा मुंडे का सहयोग भी जरूरी है। काम में कोई भेदभाव नहीं होगा। अजित ने बीड में अपराध व कानून व्यवस्था के सवाल पर खुले तौर से कहा कि मैं यहां की विकास में बाधा डालने वालों को बर्दाश्त नहीं करूंगा। जो लोग बीड के विकास में सहयोग करेंगे मैं उनके साथ सहयोग करूंगा लेकिन अगर किसी ने दोगली हरकत है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

बीड की जिला नियोजन समिति की बैठक में विवादित मंत्री धनंजय मुंडे के साथ मंत्री पंकजा मुंडे भी मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या को लेकर विपक्ष के निशाने पर हैं। इस हत्याकांड मामले में मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यही वजह है कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बीड के पालक मंत्री की जिम्मेदारी मुंडे की जगह अजित पवार को दी है। बीजेपी विधायक सुरेश धस ने एक बार फिर बोगस बिल के मुद्दे को लेकर मंत्री मुंडे को घेरते हुए बीड में बताया कि मैंने जिला योजना एवं विकास परिषद की बैठक में अजित पवार के समक्ष इस मामले को उठाया। पालक मंत्री ने मुझे इस बारे में लिखित शिकायत देने को कहा है।

### एक आरोपी अब भी फरार: सुप्रिया सुले

राष्ट्रवादी कांग्रेस की सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच को लेकर अजित पवार पर हमला बोल दिया। सुप्रिया सुले ने कहा कि सरपंच हत्याकांड के 50 दिन बीत चुके हैं और हत्यारों में से एक अब भी फरार है।

**जाहीर सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार **अखीला बेगम सय्यद साबीर अली,** रह. प्लॉट नं. १२/ए, नूरी मस्जीद रोड, राठोड लेआउट, अनंत नगर, काटोल रोड, नागपूर इनके पती **सय्यद साबीर अली सय्यद फयाज अली,** इनका मृत्यु **दिनांक २३/१०/२०२४** को हुआ है। इनके नामपर निम्नलिखीत वाहन है।

1) Two Wheeler- ACTIVA 3G
Reg. No. : MH31EW0879
CH. No. : ME4JF505CGU043835
Eng. No. : JF50EU3043255
Reg. Date : 30 March 2016

2) Two Wheeler- TVS FIERO F2
Reg. No. : MH31AQ4086
CH. No. : M1006F010652
Eng. No. : M1006M014760
Reg. Date : 28/08/2000

उपरोक्त वाहन अब मेरे पक्षकार इनके नाम से हस्तांतरण करने के लिए उन्होने प्रादेशीक परिवहन कार्यालय, नागपूर यहा अर्ज दाखल किया है, अगर किसी को किसी भी प्रकार का कोई आक्षेप, उजर, गहाण, बक्षिस, हस्तांतरण या अन्य आक्षेप हो तो यह जाहीर सूचना प्रकाशित होने के **सात दिनो के भितर** प्रादेशीक परिवहन कार्यालय, नागपूर यहा या मेरे निम्नलिखीत पत्तेपर मुल दस्ताऐवज के साथ आकर मिले, समय समाप्ती के बाद उपरोक्त वाहन मेरे पक्षकार इसके नाम से हस्तांतरीत किया जायेगा। इसकी नोंद ले। **नागपूर, दि. ३१.०१.२०२५**

**ॲड. मोहम्मद फजल**
१६/ए, राठोड लेआऊट, अनंत नगर,
नागपूर. मो.नं. ९७३०७७७४१०

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 21/2025 Dt. 24/01/2025
**IN THE COURT OF CJJD & JMFC PARSHIONI, DIST. NAGPUR (M.S.)**
**M.J.C. Case No. 8/2024**
**Fixed For 28/02/2025**

**Applicant : 1) Smt. Shanta wd/o Sitaram Asole,** Aged 79 years, Occu: Agriculturist, R/o Singori, Taho Parshioni, Dist. Nagpur. **2) Prakash s/o Sitaram Asole,** Aged 51 years, Occu: Agriculturist, R/o Singori, Tah. Parshioni, Dist. Nagpur. **3) Ashok s/o Sitaram Asole,** Aged 49 years, Occu: Agriculturist, R/o Singori, Tah. Parshioni, Dist. Nagpur. **-Versus-**

**Non Applicant: 1) Sau Ranjana w/o Sitaram Khonde,** Aged 45 years, Occu: Agriculturist, R/o Singori, Tah. Parseoni, Dist. Nagpur.

**Name of Deceased: 1) Late Sitaram Gadi Asole, Singori, Tah. Parshioni, Dist. Nagpur Died on 14/07/2022**

Whereas **1) Late Sitaram Gadi Asole, Singori, Tah. Parshioni, Dist. Nagpur Died on 14/07/2022** and Whereas **1) Smt. Shanta wd/o Sitaram Asole, 2) Prakash s/o Sitaram Asole, 3) Ashok s/o Sitaram Asole,** has presented an application to this court for grant of **Legal Heir Certificate Under Clause 2 of Bombay Regulation VIII of 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **1) Smt. Shanta wd/o Sitaram Asole, 2) Prakash s/o Sitaram Asole, 3) Ashok s/o Sitaram Asole,** as Legal Heir of the deceased to appear in the **Court of CJJD & JMFC, Parshioni, Nagpur** on **28th Day of Feb., 2025** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **24th day of January 2025.**

Seal
**By order of the Court**
**Asstt. Supdt.**
**Court of CJJD & JMFC, Parshioni.**

Prasanna Publicity 09326927622

## सुविचार

जो व्यक्ति बिना स्वार्थ और बिना मुलाकात के प्रतिदिन याद करता है ऐसे व्यक्ति सौभाग्य से मिलते है

## संपादकीय

# सही साबित हुआ भारत

कनाडाई आयोग की रिपोर्ट ने आखिरकार दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। मंगलवार को आई इस रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया कि कनाडा में जून 2023 में हुई खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ का कोई सबूत नहीं है। जाहिर है, इसके बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोप मुंह के बल गिरे नजर आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब अपने देश की संसद में यह आरोप लगाया था, तब भी उनके उस कृत्य को गैरजिम्मेदाराना माना गया था। भारत ने आरोपों को बेतुका बताते हुए उनसे सबूत मांगे थे जो वह कभी दे नहीं पाए। और अब उनके ही देश के आयोग की रिपोर्ट बताती है कि उनका वह बयान सफेद झूठ पर आधारित था। जस्टिन ट्रूडो के झूठे आरोपों के बाद स्वाभाविक ही दोनों देशों के रिश्तों में गिरावट आई। भारत ने ट्रूडो के बयानों को राजनीति से प्रेरित बताया था। लेकिन कड़ा भारत विरोधी रुख भी घरेलू राजनीति में उनकी खास मदद नहीं कर पाया। आखिर उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा करनी पड़ी। अब वह नया नेता चुने जाने तक के लिए इस पद पर हैं। अब जब निज्जर हत्याकांड से जुड़े कनाडा के आरोप पूरी तरह खारिज हो चुके हैं, तब भारत विरोधी तत्वों को खुली छूट देने के मसले पर नए सिरे से बात होनी चाहिए। भारत पहले से कहता रहा है कि कनाडा और अन्य यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अलगवावादी तत्व जिस तरह की भारत विरोधी गतिविधियां खुलेआम चला रहे हैं, उन पर प्रभावी रोक लगाने की जिम्मेदारी उन देशों की है। कनाडा सरकार को तो उस पर काम करना ही चाहिए, अन्य देशों को भी इस पहलू पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। चूंकि कनाडा में इसी साल चुनाव होने हैं, इसलिए दोनों देशों के पास मौका है कि अतीत की गलतियों को पीछे छोड़ते हुए रिश्तों को पटरी पर लाने की नए सिरे से कोशिश की जाए। अगर कनाडा सरकार अपनी भूल समझते हुए अहम मसलों पर अपने रुख में पॉजिटिव बदलाव लाती है तो द्विपक्षीय रिश्तों को बेहतर भविष्य देना मुश्किल नहीं होगा।

# दिल्ली चुनाव में वन वुमन आर्मी बन गई हैं स्वाति मालीवाल




स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल को शुरुआती मोहलत के अलावा कभी मौका नहीं दिया है. दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की घटना के आरोप के बाद कुछ देर वो शांत जरूर बैठी रहीं, लेकिन दिल्ली पुलिस को लिखित शिकायत देने के बाद वो कभी चुप नहीं बैठीं. सोशल मीडिया के जरिये लगातार हमले बोलती रही हैं. स्वाति मालीवाल ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास में मारपीट का आरोप लगाया था, और दिल्ली पुलिस ने 16 मई को एफआईआर दर्ज की थी.

अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए एक बार वो इंडिया ब्लॉक के नेताओं को पत्र भी लिख चुकी हैं. लेकिन, किसी ने टाइम दिया या नहीं, कोई मिलने को तैयार हुआ या नहीं, कभी बताया भी नहीं - और फिर, काफी दिनों से जगह जगह जाकर दिल्ली में गंदगी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करके सवाल पूछती रही हैं. हाल फिलहाल ऐसा कभी नहीं लगा कि टीम केजरीवाल की तरफ से स्वाति मालीवाल की मुहिम को गंभीरता से लिया जा रहा हो, या कोई बड़ा नेता आगे आकर उस पर रिएक्ट कर रहा हो - और तब, स्वाति मालीवाल ने अपने अभियान को आक्रामक बनाने का प्रयास किया है. आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल लोडिंग ऑटो लेकर विकासपुरी पहुंचीं, और लोगों के साथ सड़क से कूड़ा इकट्ठा करके अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर ले जाकर सड़क पर डाल दिया - जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया. सोशल साइट X पर स्वाती के हैंडल से हिरासत का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया कि 'अरविंद केजरीवाल ने पुलिस भेजकर अपने घर के बाहर से स्वाति मालीवल जी को अरेस्ट करवाया.' दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपनी मुहिम के तहत स्वाति मालीवाल ने विकासपुरी का दौरा किया था. बताते हैं कि वहां की महिलाओं ने सड़क पर फैले कचरे की शिकायत की थी.स्वाति मालीवाल ने स्थानीय महिलाओं के साथ सफाई अभियान चलाया और तीन गाड़ियों में कूड़ा भरकर अरविंद केजरीवाल के आवास के पास पहुंच गईं. स्वाति मालीवाल का कहना था कि वो लोगों की समस्याओं पर अरविंद केजरीवाल से बात करने आई हैं, लेकिन जब पुलिस ने आगे बढ़ने से रोक दिया तो स्वाति मालीवाल ने सारा कूड़ा सड़क पर ही डाल दिया. फिर स्वाति मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाने भेज दिया. पुलिस हिरासत से रिहा होने के बाद स्वाति मालीवाल ने कहा कि उका प्रदर्शन दिल्ली की महिलाओं और नागरिकों की परेशानी उजागर करने के लिए था... शहर में कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. लोगों ने कई बार सरकार और एमसीडी से शिकायत की थी, लेकिन जब कोई एक्शन नहीं हुआ तो उनको ये कदम उठा पड़ा.

# ज़ुल्म की काली रात अब ढलनेवाली है



**डॉ.सलीम ख़ान, मुंबई**



बेवक़ूफ़ आदमी की एक पहचान यह भी होती है कि वह सबको अपनी तरह बेवक़ूफ़ समझता है। इस बात पर अगर किसी को यक़ीन न आता हो तो वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॅल्ड ट्रम्प को देख ले। ट्रम्प ने पहले तो अपने आपको शान्ति दूत साबित करने की कोशिश की और अभी प्रशंसा और सराहना का सिलसिला ख़त्म भी नहीं हुआ था कि अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। महाशय ने इज़्राईल को भारी हथियार उपलब्ध करने पर लगाया जानेवाला बाईडन सरकार का 7 महीने पुराना प्रतिबन्ध ख़त्म करने के बाद यह प्रस्ताव रखा कि ग़ज़्ज़ा की सफ़ाई और नवनिर्माण तक वहाँ की बेघर आबादी को अरब देश अपने यहाँ पनाह दें।

ट्रम्प ने 'हमास' के साथ इज़्राईल की 15 महीनों की जंग की वजह से होनेवाली तबाही का हवाला देकर कहा था कि "मैं इस (ग़ज़्ज़ा) के बजाय कुछ अरब देशों के साथ मिलकर एक अलग जगह पर घरों का निर्माण करूँगा, जहाँ वे (फ़िलस्तीनी) बदलाव के लिए शान्ति से रह सकें।" इस प्रस्ताव को पूरे मुस्लिम जगत् ने एक ज़बान में रद्द कर दिया, इसकी मिसाल नहीं मिलती। इस्लामी देशों ने एकजुट होकर ट्रम्प सहित अमेरिका को यह सन्देश दिया- ये दौर फिर किसी फ़िरऔन को डुबोएगा, तमाम नील का पानी असा की ज़द पर है, अब सुना है ट्रम्प ग़ज़्ज़ा वालों को यूरोप में बसाने की सोच रहे हैं। फ़िलस्तीनी तो अपना वतन छोड़ने से रहे। उन्हें चाहिए कि यहूदियों को यूरोप में बसा दें, ताकि मध्यपूर्व के अलावा दुनिया-भर में अमन क़ायम हो जाए। सारी दुनिया यह बात जानती है कि डोनॅल्ड ट्रम्प राष्ट्रपति बनने से पहले बिल्डर थे। उनके ट्रम्प टॉवर्स मुंबई सहित दुनिया-भर में मौजूद हैं इसलिए सम्भव है वह अरबों की दौलत से ग़ज़्ज़ा वालों के लिए मुफ़्त की ज़मीन पर कोई कॉलोनी बनाने का ठेका लेने के चक्कर में हों, लेकिन यह दाँव उलटा पड़ गया और उसने उनकी 'शान्ति दूत' वाली छवि को ग़ज़्ज़ा से ज़्यादा तबाह-बर्बाद कर दिया। इसकी पहली वजह तो यह है कि ख़ुद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कह दिया कि ग़ज़्ज़ा की 23 लाख से ज़्यादा आबादी को दोबारा आबाद करना अस्थायी या एक लम्बे समय के लिए हो सकता है। डोनॅल्ड ट्रम्प अगर पूरा सच बोलने के बजाय आधा यानी लम्बे समय तक विस्थापन की सम्भावना छिपा देते तब भी उन्हें शक का फ़ायदा दिया जा सकता था, लेकिन इन चन्द शब्दों से तो बिल्ली थैले से बाहर आ गई और 'हमास' तो क्या पश्चिमी समर्थन प्राप्त फ़िलस्तीनी अथार्टी भी यह कहने पर मजबूर हो गई कि "बख़्शो बी बिल्ली, चूहा लंडूरा (यानी दुम कटा) ही भला।" इस कहावत की कहानी अमेरिका और फ़िलस्तीन पर पूरी तरह फ़िट बैठती है। एक दिलेर चूहे ने अपने माँ-बाप के शिकार का बदला लेने की ख़ातिर 'हमास' की मानिंद पीछे से आकर बिल्ली के कान काट लिए।

आगबबूला बिल्ली ने चूहे को पकड़ने के लिए छलांग लगाई तो वह झुकाई देकर बच निकला। बिल्ली ने फिर भी चूहे पर पंजा मारकर उसकी दम उखेड़ ली। चूहा जान बचा कर अपने बिल (सुरंग) में पहुँचा और ख़ुदा का शुक्र अदा किया, हालाँकि उसे लंडूरा होने का दुख था। ट्रम्प की मानिंद काइयाँ बिल्ली ने शिकार को फिर से फँसाने के लिए एक चाल चली। वह चूहे की हितैषी होने का चोला ओढ़कर बिल के पास गई और बोली, "मेरे भांजे, तू ख़ाह-मख़ाह मेरे मज़ाक़ से डर गया। अपनी ख़ाला के पास बाहर आ, मैं तेरी दुम जोड़ दूँ। लंडोरा ठीक नहीं लगता।" मगरमच्छ के इन आँसुओं पर सियाने चूहे ने वही कहा जो 'हमास' सहित



सारी मुस्लिम दुनिया कह रही है. "बख़्शो बी बिल्ली, चूहा लंडूरा ही भला।" अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॅल्ड ट्रम्प ने मिस्र और जॉर्डन से कहा था कि वह युद्धग्रस्त ग़ज़्ज़ा की पट्टी से फ़िलस्तीनियों को अपने यहाँ ले जाएँ, लेकिन अमेरिका के दोनों गठबन्धन मित्रों ने ट्रम्प के इस प्रस्ताव को सख़्ती के साथ ठुकरा दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस दिग्भ्रमित करनेवाले विचार की कड़ी निन्दा करते हुए जॉर्डन के विदेश मंत्री ऐमन सफ़ादी ने पत्रकारों को बताया कि फ़िलस्तीनियों के हवाले से प्रस्तावित स्थानांतरण को रद्द करना उनके देश का मज़बूत और अडिग फ़ैसला है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि फ़िलस्तीनियों के अस्थायी या लम्बे समय के स्थानान्तरण से उस भूभाग में विवादों को फैलाने और उसके लोगों के दरमियान शान्ति और सौहार्द की सम्भावनाओं को नुक़्सान पहुँचता है। मानवाधिकार संगठन पहले ही इज़्राईल पर नरसंहार का इल्ज़ाम लगा चुके हैं।

ह्यूमन राइट्स वाच के इज़्राईल और फ़िलस्तीन के डायरेक्टर उमर शाकिर ने ट्रम्प के प्रस्ताव को फ़िलस्तीनी जनता का वंश उन्मूलन और मुसीबतों में तेज़ी के साथ ख़तरनाक हद तक बढ़ोतरी का कारण क़रार दिया। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञ इज़्राईली कार्रवाई को एक नस्ली या मज़हबी गिरोह का विशेष इलाक़ों से दूसरे गिरोह की शहरी आबादी को हिंसा और आतंकवाद के द्वारा हटाने के लिए बनाई गई पॉलिसी बताते हैं। इस निन्दित प्रस्ताव से प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू की सरकार में शामिल अत्यन्त दक्षिणपन्थी साझेदार वित्त मंत्री बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे न केवल एक महान विचार, बल्कि इज़्राईल की सुरक्षा की ख़ातिर एक क़दम क़रार देकर 'भरी बज़्म में राज़ की बात कह दी'। मिस्र और जॉर्डन सहित ख़ुद फ़िलस्तीनियों को आशंका, बल्कि यक़ीन है कि इज़्राईल फिर कभी उन्हें वापसी की इजाज़त नहीं देगा, क्योंकि यह उसकी पुरानी परम्परा रही है।

1948 के दौरान, लगभग सात लाख फ़िलस्तीनियों को पलायन पर मजबूर किया गया, मगर वे अपने घरों को कभी नहीं लौट सके। इन शरणार्थियों की औलाद के साथ संख्या अब लगभग साठ लाख है। ये शरणार्थी अब ग़ज़्ज़ा सहित अधिकृत पश्चिमी किनारे, जॉर्डन, लेब्नान और सीरिया में मौजूद हैं। 1967 के बाद भी 3 लाख फ़िलस्तीनियों को जॉर्डन जाना पड़ा, लेकिन वे शिकस्त के दिन थे, मगर इस बार की फ़तह के बाद वह सपना साकार नहीं होगा। बक़ौल क़ैसरुल-जाफ़री. तुम्हारी आँखों पे शब-ख़ून पड़नेवाला है तुम्हारा ख़्वाब हमारी अना की ज़द पर है. ट्रम्प की बेवक़ूफ़ी और रुस्वाई के दो दिन बाद जंगबंदी समझौते में मुख्य मध्यस्थ क़तर ने अर्बेल येहुद और दो अन्य बन्धकों को जुमा तक रिहा करने की यक़ीन-दिहानी की तो उसके बाद उत्तरी ग़ज़्ज़ा में फ़िलस्तीनियों के रास्ते से इज़्राईल हट गया। यह काम हफ़्ते के आख़िर में होना था, मगर इज़्राईल के अड़ियलपन ने दो दिन की देर करवा दी। ख़ैर 'देर आयद दुरुस्त आयद' की तरह फ़िलस्तीन के इतिहास में पहली बार इज़्राईल ने जंग के द्वारा हथियाए हुए अधिकृत इलाक़े ख़ाली किए और अपनी फ़तह का पर्चम लहराते हुए हज़ारों फ़िलस्तीनी हालिया जंग में सबसे ज़्यादा तबाह हो चुके उत्तरी ग़ज़्ज़ा में लौटने लगे।

इज़्राईल की हठधर्मी रही है कि जब वह फ़िलस्तीनियों को उनके इलाक़ों से बेदख़ल करता है तो वापसी की इजाज़त नहीं देता। 'हमास' के साथ जंग के आरम्भिक हफ़्तों के 15 माह बाद लाखों फ़िलस्तीनियों की उत्तरी ग़ज़्ज़ा में वापसी ने ड्रामाई अंदाज़ में इतिहास को उलट दिया है। यह बहुत ईमान बढ़ानेवाला मंज़र था कि जब फ़िलस्तीनी ख़ुशी और जोश के साथ, बच्चों के हाथ थामे, बुज़ुर्गों की व्हील चेयर्ज़ धकेलते हुए अपनी सरज़मीन में दाख़िल हो रहे थे। उनके साथ बिस्तर, पानी की बोतलें और दूसरा सामान था। देखते-देखते लौटनेवालों की तादाद लगभग तीन लाख तक पहुँच गई। सारा दिन और रात समुद्र किनारे पैदल सफ़र करके यह बहादुर और हिम्मती क़ाफ़िला जब अपनी मंज़िले-मक़्सूद के क़रीब पहुँचा तो हथियारबन्द 'हमास' के मुजाहिदीन ने फ़तह का निशान उठाकर उनका स्वागत किया। यह एक साझा फ़तह का जश्न था।

ट्रम्प अगर उसके दृश्य टेलीविज़न पर देख लें तो उनके दिमाग़ में उनके स्थानांतरण का ख़याल भी कभी नहीं आएगा। 6 किलोमीटर पैदल चलने के बाद तीन बच्चों की माँ यासमीन अबू-अमशाह जब ग़ज़्ज़ा सिटी के अपने तबाह हो चुके लेकिन रहने के क़ाबिल घर तक पहुँचने पर एक साल बाद अपनी छोटी बहन से मिलीं तो उनकी सारी थकन राहत में बदल गई। यासमीन ने कहा, "यह लम्बा होने के बावजूद ख़ुशगवार सफ़र था।" ऐसा जुमला वही कह सकता है जो इस सफ़र के अगले पड़ाव में यक़ीन रखता हो और उसको क़ैसरुल-जाफ़री ने यों बयान किया है, खुलेंगे मस्जिदे-अक़्सा के बंद दरवाज़े, तुम्हारी सारी ख़ुदाई ख़ुदा की ज़द पर है, जंग के आरम्भिक दिनों में, इज़्राईल ने उत्तर से निष्कासन का आदेश देने के बाद ज़मीनी दस्तों को भेजकर उसे सील कर दिया। इस घुसपैठ के नतीजे में लगभग दस लाख लोग दक्षिण की ओर चले गए और सैकड़ों हज़ार उत्तर में रह गए। भीषण युद्ध और भारी विनाश के शिकार होनेवाले यह दृढ़ता के पहाड़ मानव इतिहास की जघन्यतम बर्बरता के चश्मदीद गवाह हैं। उनमें से एक उत्तरी ग़ज़्ज़ा के रहनेवाले इस्माईल ने अपनी प्रफुल्लित भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, "लोग गुनगुना रहे हैं, दुआएँ कर रहे हैं और उनकी आँखों में ख़ुशी के आँसू हैं।"

वापसी की ख़ुशी बयान करते हुए वह बोले कि उनका ख़ानदान 1948 की जंग के दौरान पलायन करनेवाले लाखों लोगों में शामिल था। इस्माईल के मुताबिक़ वह सोचने लगे थे कि उन्हें भी अपने पूर्वजों की तरह वापसी नसीब नहीं होगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। वह यहूदियों की तरह मुसीबतों से भयभीत होकर दुनिया-भर में बिखर जाने के बाद दूसरों की मदद से साज़िश करके अपना मुल्क बनानेवालों में से नहीं, बल्कि दुश्मन के दाँत खट्टे करके विजयी होनेवाली जाँबाज़ क़ौम का हिस्सा हैं। ऐसे लोगों के बारे में क़ैसरुल-जाफ़री कहते हैं. जिहादे-शब का मुक़द्दर नज़र में रौशन है, चिराग़े-मुस्तफ़वी रहगुज़र में रोशन है.

-(अनुवादक : गुलज़ार सहराई)

## आस्था

# आंतरिक शक्ति बढ़ाने के 5 मार्ग



श्रीकृष्ण चरित मानस, एक संपूर्ण ज्ञान और कथा का स्रोत है जो हमें अपनी आंतरिक शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। हमे अध्यात्म का, शांति का और खुशहाल जिंदगी जीने का पाठ पढ़ाता है। इसमे भगवान श्री कृष्ण कहते है की, हमे अपने कर्म को समझना चाहिए। कर्मयोग सिद्धांत के माध्यम से हमें अपने कर्तव्यों को निष्ठा से पूर्ण करना चाहिए। जिससे हमें एक आत्मविश्वास की चिंगारी पैदा हो और उसकी सहायता से हम एक उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सके। उसी के साथ साथ हमें आत्मज्ञान की प्राप्ति करनी चाहिए। अपने स्वयं के बारे में जागरूक होना चाहिए। अपने स्वभाव, अपनी ताकत और कमजोरियों को समझना चाहिए और अपने जीवन को बेहतर ढंग से सुधारना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण कहते है की कर्म करते समय हमे फल की अपेक्षा छोड़ देनी चाहिए। बिना किसी स्वार्थ के कर्म, हमे मानसिक शांति और संतुष्टि की ओर ले जा सकते हैं। जिससे हम कठिनाइयों का सामना निडर होकर कर सकते है। वह कहते है की, जीवन मे कठिनाइयों का आना सामान्य बात है। हमें कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए, उनका सामना करना चाहिए क्युकी कठिनाइयाँ हमें मजबूत बनाती हैं और हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

इसी अनुक्रम मे वह हमे करुणा और दयाभाव का पाठ पढ़ाते है। वह संदेश देते है की हमे दूसरों के प्रति करुणा और दयाभाव रखना चाहिए, इस भाव से हम एक प्रेमभरी खुशहाल और संतुष्ट जिंदगी जी सकते है। श्री कृष्ण की ये शिक्षाएं हमें जीवन के पड़ाव में मार्गदर्शन करते हैं। युवाओं के लिए ये शिक्षाएं और भी अधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे जीवन के उस मोड़ पर खड़े होते हैं जब उन्हें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना होता है। श्री कृष्ण की इन शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करके हम एक सफल और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

**प्रियंका कौशल**

# रंगीन बादल

एक छोटे से शहर में एक लड़की रहती थी जिसका नाम था रिया। रिया को बादलों से बहुत प्यार था। वह अक्सर छत पर बैठकर घंटों बादलों को देखती रहती थी। एक दिन, रिया ने एक ऐसा बादल देखा जो बहुत ही रंगीन था। वह इंद्रधनुष की तरह चमक रहा था। रिया बहुत खुश हुई। उसने सोचा कि यह कोई जादुई बादल है। वह बादल के करीब जाना चाहती थी। रिया ने बादल की ओर दौड़ लगाई और उछलकर हवा में उड़ गई। वह बादल पर बैठ गई और बादल के साथ आसमान में घूमने लगी। बादल रिया को बहुत दूर-दूर ले गया। उसने रिया को समुद्र, जंगल और पहाड़ दिखाए। रिया ने बहुत सारे नए-नए जीव-जंतु और पौधे देखे। रिया बहुत मज़े कर रही थी। कुछ देर बाद, रिया को घर वापस जाना याद आया। उसने बादल से कहा, "मुझे घर वापस ले चलो।" बादल ने रिया को उसके घर के ऊपर ले गया और धीरे से उसे छत पर छोड़ दिया। जब रिया उठी तो वह अपने कमरे में थी। उसने सोचा कि यह सब एक सपना था। लेकिन उसे बादल के रंग अभी भी याद थे।

## कहानी

# अपने नकुल को बचा लो

नमस्कार दोस्तों, मेरा नाम इंस्पेक्टर अरुणोदय है। मैं चाहता हूं कि आपके कलेजे के टुकडे मेरा मतलब है कि आपके बच्चे सुरक्षित रहें। इसलिए आज मैं आप सबको एक सच्ची घटना सुनना चाहता हूं। यूं तो मैंने अपने कैरियर में अपराध से जुड़े कई केस सुलझाएं हैं। बड़े-बड़े अपराधी मेरे सामने कांप जाते थे। लेकिन मेरे सामने एक केस ऐसा भी आया, जिसे सुलझाते-सुलझाते मेरे भी रौंगटे खड़े हो गए। मेरी आत्मा कांप गई। मेरी पोस्टिंग उन दिनों फरीदाबाद में थी। मुखबिर से खबर मिली कि फरीदाबाद की एक गंदी बस्ती में कुछ बच्चों की लाशें मिली हैं। मैं फौरन अपने थाने की टीम को लेकर बताए गए पते पर पहुंच गया। मौके पर पांच लाश मिली थी। बच्चों की उम्र 7 से 10 की बीच रही होगी। लाशें देखकर ऐसा लग रहा था कि बच्चों को लंबे समय तक भूखा रखा गया होगा। उनके तन कपड़े भी आधे-अधूरे थे। जिस कोठरी में बच्चों की लाशें मिली थीं, वो काफी दिनों से बंद थी। आसपास के लोग कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे। वैसे भी उस बस्ती में अधिकांश लोग मेहनतकश मजदूर थे। अलसुबह घर से निकलने वाले, देर रात थके हारे घर लौटने वाले। उन्हें फुर्सत ही कहां रही होगी, पास-पड़ोस के बारे में जानकारी रखने की। लेकिन मामला बड़ा था। इसलिए पड़ताल तो करनी ही थी। मैंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को कुछ जरूरी दिशा-निर्देश दिए और कोठरी का मुआयना करने लगा। अचानक मुझे लगा कि कोठरी के एक कोने में रखे हुए ड्रम में कुछ हलचल सी हो रही है। मैंने लपककर उसमें झांका तो दंग रह गया। एक बच्चा बिलकुल मृतप्राय स्थिति में उस ड्रम में मौजूद था। मैंने बच्चे की नब्ज़ पकड़ी तो वो धीमे-धीमे चल रही थी। फौरन मौके पर मौजूद एंबुलेंस में पहले जीवित बच्चे को अस्पताल भेजा गया। बच्चे की हालत बेहद नाजुक थी। लेकिन डॉक्टरों ने उम्मीद नहीं छोड़ी और उसके इलाज में जुट गए। एंबुलेंस के पीछे-पीछे मैं भी अस्पताल पहुंच चुका था। मैंने भी डॉक्टरों से निवेदन किया कि हर हाल में आपको इस बच्चे को बचाना होगा। बच्चा दस साल का रहा होगा। मुझे लग रहा था कि यदि बच्चा ठीक हो गया, तो इस केस की पड़ताल करने में बड़ी मदद मिल जाएगी। लेकिन एक बात और थी, जो मुझे परेशान कर रही थी। उस बच्चे को देखकर मुझे बार-बार अंकुर याद आ रहा था। अंकुर, मेरा बेटा। उसकी उम्र भी दस साल ही है। बहुत प्यारा बच्चा है। नटखट, शैतान, भोला-भाला सा। मुझे लग रहा था कि जैसे मुझे अंकुर बहुत प्यारा है, ये बच्चा भी अपने माता-पिता को बहुत प्यारा होगा। और वो बच्चे, जो इस दुनिया में नहीं रहे, जिनकी लाशें मिली हैं, वो भी अपने माता-पिता के दुलारे ही रहे होंगे। मैं उस शैतान को खोजना चाहता था, जिसने इन बच्चों को इस अंजाम तक पहुंचाया था। अब आप ये मत सोचिएगा कि पुलिसवालों के पास दिल नहीं होता। हां, ये ठीक है कि आपने आसपास अपराधियों को देखते रहने, अपराध कथाओं को लिखते और सुलझाते रहने के कारण हम आम लोगों जैसे कोमल भावनावाले नहीं होते। लेकिन हमें भावशून्य समझने की गलती भी मत कीजिए।

# जाने करेंसी नोटों का वास्तुशास्त्र

वास्तुशास्त्र में जिस प्रकार कोर्ट-कचहरी की फाइलें या विवाद के कागजात रखने का विचार किया जाता है, ठीक उसी प्रकार नए-पुराने करेंसी नोटों के इस्तेमाल व बैंक में खाता खोलने के ज्योतिष-वास्तु के कुछ विशेष नियमों को ध्यान में रखने से धन-वृद्धि होती है। नए नोट अथवा प्राप्त धन को बढ़ाने के लिए वास्तुशास्त्र के अनुसार उसे घर लाकर उत्तर दिशा में रखना चाहिए क्योंकि उत्तर दिषा का स्वामी कुबेर है। कुबेर जी देवताओं के खजांची हैं, इनकी कृपा से आपको कोष कभी भी खाली नहीं रहेगा। धन वृद्धि के लिए जब भी आपको नए नोट प्राप्त हों, तो उन्हें उत्तर दिशा की ओर बनी अलमारी अथवा तिजोरी में कुबेर यंत्र के साथ रख कर प्रार्थना करनी चाहिए कि दिन-प्रतिदिन धन-समृद्धि में वृद्धि हो। सही दिशा में की गई मेहनज एवं सच्चे मन से की गई प्रार्थना धन वृद्धि के आयामों में वृद्धि करती है। नोटों पर न ही लिखें, न ही गिनने के लिए थूक का प्रयोग करें - जब भी आप रूपए गिनें तो उसमें कभी भी थूक न लगाएं। अक्सर ऐसा देखा गया है कि लोग रूपए गिनने में उंगली पर थूक लगाकर रूपए गिनते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे मां लक्ष्मी का अपमान होता है, धन की कमी निरन्तर बनी रहती है। बार-बार नोटों पर थूक लगाने से भी नोटों पर लगे कीटाणु हाथों के माध्यम से शरीर के अन्दर जाकर नुकसान पहुंचाते हैं। वास्तुषास्त्र की मानें तो नोटों अथवा पर्स को पैंट की पिछली जेब में नहीं रखना चाहिए, ऐसा करने से धन का अपमान होता है। करेंसी नोट अथवा रूपए-पैसों को गद्दों के नीचे रखकर उन पर नहीं सोना चाहिए। रविवार एवं मंगलवार को, संक्रांति के दिन, वृद्धि योग में, हस्त नक्षत्र में बैंक आदि से कर्ज नहीं लेना चाहिए। इन मुहूर्तों में ऋण (कर्ज) लेने वाला व्यक्ति सदैव ऋणी रहता है।

## व्यंग्य

**डॉ. रामवृक्ष सिंह**

# सारे मज़े लड़के ही क्यों लूटें?

दुपहिया वाहनों के एक विज्ञापन में हिन्दी फिल्मों की एक नायिका दर्शकों से अंग्रेजी में एक सवाल पूछती है, जिसका अर्थ है कि सारे मज़े लड़के ही क्यों लूटें। लैंगिक स्वतंत्रता के इस युग में यह सोचना ही अपराध है कि किसी लिंग विशेष के लोग सारा मज़ा लूट लें और उसके विपरीत लिंगी मज़े की गिज़ा से महरूम रह जाएँ। इसलिए दुपहिया वाहन-निर्माता ने यह तरकीब निकाली, जिसमें लड़कियों को बताया गया कि सारा मज़ा लड़के लूटे लिए जा रहे हैं। अरे, तुम भी आगे बढ़ो और मज़े लूटो। बाकी सब बात हमें ठीक लगती है, लेकिन एक बात पर आपत्ति है। वह यह कि मज़े लूटने के लिए दुपहिया वाहन का होना कोई ज़रूरी नहीं है। यदि ज़रूरी है तो बड़ी तकलीफ वाली बात है। इसका आशय तो यह हुआ कि जिन लड़कों और लड़कियों के पास दुपहिया नहीं है, वे ग़रीब तो मज़ा लूट ही नहीं सकते। इसका एक निहितार्थ यह भी है कि जिन लड़के-लड़कियों के पास दुपहिया नहीं, बल्कि चौपहिया है, वे कहीं अधिक मज़ा लूट सकते हैं। है न? खैर.. बात हो रही थी, सारा मज़ा सिर्फ लड़कों द्वारा लूट लिए जाने की, और लड़कियों के उससे महरूम रह जाने की। हम अपने निजी अनुभव से कह सकते हैं कि लड़कों को अकेले-अकेले मज़ा लूटने में कोई मज़ा नहीं आता। उनको भी पूरा मज़ा तभी आता है, जब लड़कियाँ उसमें बराबर की साझेदारी करें। टेलीविज़न पर दिखनेवाले एक चैनल का स्लोगन ही है- मज़ा तो सबके साथ आता है। इस स्लोगन में अतिव्याप्ति दोष हो सकता है। हो सकता है कि कुछ लोगों को सबके साथ मज़ा आता है, तो कुछ को केवल किसी-किसी के साथ। लेकिन यह तो निश्चित है कि मज़े के लिए किसी का साथ चाहिए। इधर इंग्लैंड आदि कुछ देशों ने इस मामले में कानूनी बाधाओं को भी हटा दिया है और समलैंगिकों द्वारा आपस में लिए जानेवाले मज़े को भी वैध घोषित कर दिया है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। लेकिन जहाँ तक मज़े का संबंध है, वे हमेशा से ही पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर, उसके साथ-साथ चली हैं। इसलिए दुपहिया वाहन के विज्ञापन में एक तथ्यगत विसंगति हमें नज़र आती है। पुरुष की क्या बिसात कि वह सारा मज़ा अकेले गड़प ले। सच्चा मज़ा तो महिला संगिनी के साथ ही आता है। दुपहिया वाहन प्रायः दो व्यक्तियों के बैठने के लिए बनाए जाते हैं। एक व्यक्ति आगे, दूसरा व्यक्ति उसके पीछे। दुपहिया कंपनियों ने अब अपने वाहनों की सीटों को कुछ इस कोण पर बनाना शुरू कर दिया है कि पीछे बैठनेवाला व्यक्ति आगे बैठने वाले की पीठ पर लगभग लदा रहता है। नैसर्गिक रूप से प्रकृति ने पुरुष जाति को स्त्री जाति की तुलना में अधिक भारी-भरकम और मज़बूत डील-डौल वाला बनाया है। इसकी तुलना में स्त्री जाति को नाज़ुक और गदबदा बनाया है।


शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग (सेक्स समस्या) पर सफल इलाज




सीताबर्डी टेम्पल बाजार स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग एवं सेक्स संबंधित सभी समस्याओं पर प्रभावकारी एवं सफल इलाज किया जाता है। रोज की जिंदगी में यौन समस्याएं जैसे शीघ्रपतन बांझपन इत्यादि, के कारण सामाजिक एवं वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना तथा वैवाहिक कलह, मनमुटाव आदी का भी सामना करना पडता है। अतः इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है। रोज की भागदौड़ के जीवन में टेंशन, अनिद्रा इनक्षकारणों तथा खानपान में पोषक तत्वों के अभाव या असमय खाना पीना इन कारणों से यह समस्या उत्पन्न होती है। इसका इलाज समोपचार औषधी चिकित्सा से संभव है। महाशक्ति कवच, रे-टोन सिरप, कप नाईट पावर इन दवाओं से इन समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक एजेंसी सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड नागपुर में सफलतापूर्वक किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9112079000 / 8605245080 फोन पर संपर्क करे और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर खुशहाल जीवन व्यतीत करे.



शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में 9112079000 / 8605245080 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# भामरागड़ उप-विभाग के अंतर्गत नेलगुंडा में 24 घंटे में नया पुलिस स्टेशन स्थापित

**गढ़चिरोली.**

1000 सी-60 कमांडो, 25 बीडीडीएस टीमों, नवनियुक्त पुलिसकर्मियों, 500 विशेष पुलिस अधिकारियों और निजी ठेकेदारों की मदद से 24 घंटे में एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया। विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) संदीप पाटिल, पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़चिरौली रेंज अंकित गोयल, पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल, 113 बटालियन। सीआरपीएफ कमांडेंट जसवीर सिंह, 09 बटालियन। कमांडेंट शंभू कुमार, 37 बटालियन। नए पुलिस स्टेशन का उद्घाटन कमांडेंट दाओ एंगिरकन किंडो और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया।

पिछले वर्ष 14 जून को नेलगुंडा गांव के ग्रामीणों ने माओवादियों को अपने गांव में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया था। नये पुलिस थाने की स्थापना इस क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी...पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल।

माओवाद के प्रति अत्यधिक संवेदनशील गढ़चिरौली जिला एक दुर्गम एवं अत्यंत दुर्गम क्षेत्र है जहां कई आदिवासी भाई आज भी विकास से कोसों दूर हैं। इसे विकसित करने एवं माओवादियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल की ओर से आज 30/01/2025, भामरागड़ उप-विभाग के अंतर्गत नेलगुंडा स्थान पर एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया गया। वर्ष 2024 के अंत में दिनांक 11/12/2024 को उसी क्षेत्र के सुदूर पेनगुंडा क्षेत्र में एक नए पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई। भामरागढ़ से 20 किमी, धोधराज से 14 किमी, पुलिस मदद केंद्र पेनगुंडा से 04 किमी दूर और नेलगुंडा पुलिस स्टेशन छत्तीसगढ़ सीमा से मात्र 600 मीटर की दूरी पर स्थित अत्यंत दुर्गम नेलगुंडा और आसपास के गांवों के नागरिकों को विकास की मुख्यधारा में लाने में मील का पत्थर साबित होगा, जिससे लोगों की सुरक्षा और समग्र विकास में योगदान मिलेगा।




इस पुलिस स्टेशन के निर्माण के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई थी। पुलिस स्टेशन का निर्माण कुल 1050 जनशक्ति, 10 जेसीबी, 19 ट्रेलर, 04 पोकलेन, 45 ट्रक आदि की मदद से सिर्फ एक दिन में किया गया। इस थाने में पुलिस की सुविधा के लिए वाईफाई सुविधा, 19 पोर्टा केबिन, जेनरेटर शेड, पेयजल के लिए आरओ प्लांट, मोबाइल टावर, शौचालय की सुविधा, चौकी सुरक्षा के लिए एमएसी वाल, बीपी मोर्चा, 08 रेत मोर्चा आदि का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही थाने की सुरक्षा के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल के 04 अधिकारी व 49 कर्मचारी, एसआरपीएफ ग्रुप 10 सोलापुर की 02 प्लाटून तथा सीआरपीएफ की 113 बटालियन तैनात है। 01 सहायक कमांडेंट और डी कंपनी के 69 जवान, विशेष ऑपरेशन दल की 06 टीमें (150 कमांडो) तैनात किए गए हैं।

साथ ही चौकी निर्माण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को नववारी साड़ियां, पुरुषों को गमछे, तिरपाल, स्प्रे-पंप तथा युवाओं को लोअर, टी-शर्ट, चप्पल, कंबल, नोटबुक, पेन, स्कूल बैग, फ्रॉक आदि दिए गए। पुलिस स्टेशन नेलगुंडा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को चॉकलेट, बिस्कुट, क्रिकेट बैट, गेंद, वॉलीबॉल नेट, वॉलीबॉल आदि जैसी विभिन्न सामग्री बच्चों को वितरित की गई। क्षेत्र के नागरिकों ने अति दुर्गम क्षेत्र में नये पुलिस थाने के निर्माण पर पुलिस प्रशासन के प्रति अपनी संतुष्टि एवं आभार व्यक्त किया।



## गडचिरोली जिला न्यायालय में 76वें गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया

### >दिव्यांग विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गडचिरोली.** जिला और सत्र न्यायालय, गडचिरोली में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पुलिस सलामी दस्ता और बैंड की संयुक्त टुकड़ी ने राष्ट्रीय सलामी दी।

ध्वजारोहण के बाद जिला विधि सेवा प्राधिकरण, गडचिरोली द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में दिव्यांग कर्णबधिर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाल ही में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी और सचिव एवं दीवानी न्यायाधीश आर.आर. पाटिल द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर सचिव आर.आर. पाटिल ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ ही देश में प्रजा की सत्ता स्थापित हुई। उन्होंने दिव्यांग और दुर्बल व्यक्तियों की सहायता करने तथा उनके प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए राष्ट्रीय भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने एकता बनाए रखने और देशभक्ति के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों की सेवा भी राष्ट्रभक्ति का एक रूप है और हम सभी को इसमें अपना योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एस.पी. सदारफले, दीवानी न्यायाधीश क. स्तर सी.पी. रघुवंशी, सह दीवानी न्यायाधीश वी.आर. मालोदे, सह न्यायाधीश एस.ए. भैसारे, बार संघ के अध्यक्ष श्री आखाड़े, वरिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय प्रबंधक श्री चौहान, न्यायालयीन प्रशासनिक कर्मचारी, दिव्यांग विद्यार्थी, उनके स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस का यह आयोजन देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा और सभी ने इसे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## स्वर्गीय शांतारामजी पोटदुखे सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के प्रकाश स्तंभ थे: विधायक जोरगेवार

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शांताराम पोटदुखे ने इस सिद्धांत पर विश्वास करते हुए शैक्षिक क्रांति पैदा की. शिक्षा सामाजिक परिवर्तन के लिए एक प्रभावी उपकरण है । उनके दृष्टिकोण ने हजारों छात्रों को शैक्षिक अवसर प्रदान किये। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी शिक्षा का प्रवाह बढ़ाया। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि वे सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के प्रकाश स्तम्भ थे ।



पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री शांताराम पोटदुखे की जयंती के अवसर पर सरदार पटेल कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वोदय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष विधायक किशोर जोरगेवार, उन्होंने शांताराम पोटदुखे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सरदार पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद काटकर, सर्वोदय शिक्षण मंडल के सचिव प्रशांत पोटदुखे, सहसचिव कीर्तिवर्धन दीक्षित, उप प्राचार्य डॉ. स्वप्निल माधवशेट्टीवार सहित अन्य गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे।

आगे बोलते हुए विधायक जोरगेवार ने कहा कि शांतारामजी पोटदुखे सिर्फ एक राजनीतिज्ञ ही नहीं थे , बल्कि एक शिक्षाविद् और समाज सुधारक भी थे। चंद्रपुर और गढ़चिरौली जिलों के शिक्षा क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य है। उनके द्वारा शुरू किये गये शिक्षण संस्थानों से अनेक युवा निकले हैं जो आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने के लिए सर्वोदय शिक्षण मंडल के माध्यम से महाविद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने आम लोगों तक शिक्षा पहुंचाने में महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज हम उनके उद्देश्य के सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं।

शांतारामजी ने अपना पूरा जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया। चार बार सांसद रहते हुए उन्होंने चंद्रपुर के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री के रूप में उन्होंने देश के आर्थिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालाँकि , वह सिर्फ एक राजनीतिक नेता नहीं थे , बल्कि समाज सेवा का एक ज्वलंत उदाहरण थे। विधायक जोरगेवार ने कहा कि हमें उनके विचारों पर चलकर समाज को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित लोगों ने शांताराम पोटदुखे के कार्यों को उदाहरण के रूप में लेते हुए शिक्षा क्षेत्र की उन्नति में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति , शिक्षा विशेषज्ञ , सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।




## सभी को मराठी पर गर्व होना चाहिए

**गढ़चिरोली:** मराठी भाषा संत ज्ञानेश्वर, तुकाराम और समर्थ रामदास की भाषा है और हर किसी को इस पर गर्व होना चाहिए, ऐसा प्रतिपादन गढ़चिरौली जिला न्यायालय में आयोजित "मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़ा" के अवसर पर मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश वसंत कुलकर्णी ने किया ने किया।

यह विशेष कार्यक्रम 27 जनवरी 2025 को गढ़चिरौली जिला न्यायालय के कक्ष क्रमांक 306 में आयोजित किया गया था,न्यायाधीश कुलकर्णी ने समारोह की अध्यक्षता की, जबकि गोंडवाना विश्वविद्यालय के मराठी विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ.नीलकंठ पंढरी नरवड़े मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव आर.आर पाटिल भी उपस्थित थे।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एस.पी. सदाफले, सिविल जज (वरिष्ठ स्तर), सी.पी. रघुवंशी, एसोसिएट सिविल जज (जूनियर लेवल) श्री. भाईसारे और अन्य न्यायाधीशों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट सिविल जज (जूनियर लेवल) श्रीमती पठान ने किया। प्रो डॉ.नरवड़े ने अपने मुख्य भाषण में न्यायिक कार्यवाही में मराठी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला,साथ ही उन्होंने प्रत्येक मराठी भाषी से अपनी भाषा पर गर्व करने की अपील की।

इस बार न्याय करो. कुलकर्णी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि मराठी भाषा समृद्ध, उत्कृष्ट और सुरुचिपूर्ण है। एल देशपांडे, शिरवाडकर ने संत ज्ञानेश्वर और तुकाराम के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने आग्रह किया कि मराठी भाषा के विलुप्त होने के भय को दूर करने के लिए दैनिक जीवन में इसका अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधीक्षक एस.जे. शेंडे ने कड़ी मेहनत की। एसोसिएट सिविल जज (जूनियर लेवल) श्री. भैसारे ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायालय कर्मचारी और वकील उपस्थित थे।




## यूजीसी कुलपति चयन प्रक्रिया का विरोध

### > छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस प्रक्रिया पर आपत्ति

**चंद्रपुर.** हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने 6 जनवरी 2025 को विश्वविद्यालय प्रपत्र में एक परिपत्र जारी कर देश के सभी विश्वविद्यालयों की कुलपति चयन प्रक्रिया में बदलाव का सुझाव दिया है। इसमें केंद्र सरकार ने राज्य सरकार और राज्य विधानमंडल की शक्तियों को अपने अधीन ले लिया है और अब ये शक्तियां केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, राज्यपाल, उनके प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रतिनिधि को दे दी हैं। इस संबंध में कहा गया है कि यदि आदेश का क्रियान्वयन नहीं किया गया तो संबंधित विश्वविद्यालय को 50 प्रतिशत अनुदान नहीं मिलेगा। इस संबंध में कानून बनाने की अवधि 30 दिन यानी 5 फरवरी तक रखी गई है। इस संबंध में निजी स्कूल शिक्षक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद रेतावकर ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं जागरूक नागरिकों से प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी आपत्तियां व्यक्त करने का अनुरोध किया है।

संवाददाता सम्मेलन में रेवतकर ने कहा कि आपत्तियां draft-regulations@ugc.gov.in पर दर्ज कराई जा सकती हैं। साथ ही, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा अधिकारी के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता बी.एड है। अतिरिक्त पांच वर्ष का अनुभव आवश्यक शैक्षणिक योग्यता है। राजस्व विभाग से डिग्री या बी.एड. यदि किसी व्यक्ति को बिना किसी योग्यता के उप शिक्षा अधिकारी या शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत कर दिया जाए तो शिक्षा क्षेत्र में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाएगी। इसलिए मांग की है कि शिक्षा अधिकारी और उप शिक्षा अधिकारी का चयन उनके पद के आधार पर होना चाहिए। सीबीएसई और आईसीएसई मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों को सेवा समाप्ति के लिए राज्य सरकार स्कूल न्यायधिकरण में आवेदन करने की अनुमति देने के लिए शिक्षा अधिनियम-1977 और सेवा शर्तें नियम, 1981 में संशोधन की मांग की गई है।

सावली तहसील के कवठी स्थित सुरेश पाटिल सुरकर स्कूल की चपरासी गीता रविन्द्र अर्जुनकर और मुल स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के क्लर्क आशुतोष गजेवार को अभी तक उनके विद्यार्थी पहचान पत्र नहीं मिले हैं। जयश्री करकाडे को तीन साल से ग्रेच्युटी नहीं मिली है। पहचान पत्र मामले में बार-बार त्रुटियां बताई जा रही हैं। पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग में भ्रष्ट आचरण के कारण अनुकंपाधारियों को अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।

पत्रकार सम्मेलन में पुरुषोत्तम टोंगे, रवींद्र जेनेकर, विजय नंदनवार, हेमंत कोचे, विजय राठौड़, किशोर दहेकर, राकेश कुमरे, गंगाधर खिरतकर, आशीष टिपले, आशुतोष गजेवार उपस्थित थे।

## विधायक मुनगंटीवार ने किया सोनपेठ तीर्थ स्थल का मुद्दा हल

### >शेगांव का विकास आलंदी की तरह होगा

### >27 जनवरी को वक्तव्य, 29 जनवरी को विषय स्वीकृत

**चंद्रपुर.** मैं काम को लंबित नहीं रखना चाहता। फिर भी, यदि कोई काम जरूरी होता तो वह 'तत्काल' ही कर दिया जाता। ये गुण महाराष्ट्र में बहुत कम लोगों में मौजूद हैं। इसमें पूर्व मंत्री और विधायक सुधीर मुनगंटीवार जरूर शामिल हैं। हाल ही में एक घटना घटी जो इस बात को स्पष्ट करती है। परभणी जिले में सोनपेठ तीर्थ स्थल के विकास का मुद्दा, जो कई वर्षों से लंबित था, ए. सुधीर मुनगंटीवार के सिर्फ एक फोन कॉल से हल हो गया।

वारकरी संप्रदाय के संत वेदांत केसरी ब्र. धरती रंगनाथ महाराज (सोनपेठकर) का जन्म और अंतिम संस्कार सोनपेठ में हुआ। सभी चाहते थे कि सोनपेठ तीर्थ स्थल का विकास शेगाँव और आलंदी की तरह हो। इसके लिए रंगनाथ महाराज के भक्त पिछले कुछ वर्षों से प्रयास कर रहे हैं। कलेक्टर कार्यालय से लेकर मंत्रालय तक हर कोने में जाने के बावजूद कुछ नहीं मिला। अंततः, ब्र. धरती। रंगनाथ महाराज जन्मभूमि विकास समिति ने विधायक सुधीर मुनगंटीवार से संपर्क किया।

परभणी और चंद्रपुर के बीच की दूरी लगभग पांच सौ किलोमीटर है। इसके अलावा, मुनगंटीवार कैबिनेट में नहीं हैं। लेकिन समिति को विश्वास था कि अब वे अपना काम कर सकेंगे। जैसे ही ए. मुनगंटीवार को प्रस्ताव मिला, उन्होंने परभणी जिले की पालकमंत्री मेघना बोर्डिकर को फोन किया। सोनपेठ तीर्थ स्थल का मुद्दा जिला योजना बैठक में उठाने को कहा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आप इस विषय को मंजूरी दें, मैं माननीय मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग से बात करूंगा।

पालकमंत्री मेघना बोर्डिकर और सोनपेठ-पाथरी विधायक राजेश विटेकर ने 29 जनवरी को जिला योजना एवं विकास परिषद की बैठक में यह मुद्दा उठाया था। सोनपेठ तीर्थ स्थल के विकास का मुद्दा, जो कई वर्षों से रुका हुआ था, सुलझ गया है। सुधीर मुनगंटीवार नाम का जादू एक बार फिर दिखा।

बैठक से पहले मुख्यमंत्री को दिया गया वक्तव्य

दिलचस्प बात यह है कि इस मुद्दे को यहां जिला योजना एवं विकास परिषद में सुलझाया जाना था। और मुनगंटीवार की पहल के कारण समिति ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक ज्ञापन भी सौंपा। ब्र. धरती। रंगनाथ महाराज जन्मभूमि विकास समिति के पदाधिकारी डॉ. बालाजी पारसेवार, ब्रह्मानंद सुधाकर चक्करवार, बालाजी वानकर, बालाजी पदमवार, नागेश शेटे, जीवन बस्सेट, आनंद डाके, गजानन गुंडावार, अनिल दुब्बेवार ने यह वक्तव्य दिया।

मुख्यमंत्री ने क्या कहा?

सोनपेठ तीर्थ स्थल को सरकार की 'बी' श्रेणी के पर्यटन स्थल में शामिल करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया गया। मुख्यमंत्री ने तत्काल इस संबंध में निर्देश दिए। सोनपेठ तीर्थ स्थल को सरकार की पर्यटन स्थल सूची में शामिल करना। और उन्होंने शेगाँव को आलंदी तीर्थ स्थल की तरह विकसित करने के अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

25 तारीख को वक्तव्य, 29 तारीख को स्वीकृत!

समिति ने 25 जनवरी को नागपुर में मुनगंटीवार से मुलाकात की। वहां उन्होंने सोनपेठ के विकास के संबंध में वक्तव्य दिया। मुनगंटीवार ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पालकमंत्री को बुलाया। 27 जनवरी को मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा गया। 29 तारीख को जिला योजना बैठक में इस विषय को मंजूरी दी गई। ए. मुनगंटीवार ने कई वर्षों से लंबित मामले पर मात्र चार दिनों में फैसला सुना दिया।

## सैराट फेम रिंगू राजगुरु (आर्ची) कल घुग्घुस शहर में होंगे


**चंद्रपुर.** विधायक किशोर जोरगेवार की पहल पर घुग्घुस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक किशोर जोरगेवार की पहल पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा कल शनिवार को घुग्घुस के स्नेहप्रभा मंगल खरार में नारी शक्ति महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। सैराट फेम अभिनेत्री रिंगू राजगुरु (आर्ची) की उपस्थिति इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण होगी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से घुग्घुस शहरवासियों से अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। घुग्घुस शहर में महिला कलाकारों को बड़ा मंच प्रदान करने के लिए विधायक किशोर जोरघेवार की पहल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## बहुजनों के हक के लिए बसपा की ताकत बढ़ाओ!

### ।सुश्री मायावती जी का देश भर के पदाधिकारियों को आदेश

**चंद्रपुर.** देश में बहुजन समाज पार्टी के अधिकारों के लिए चल रहे संघर्ष को और मजबूती दें। शोषित, पीड़ित, वंचितों को मुख्यधारा में लाने के लिए पार्टी संगठन को मजबूत करें, ऐसा आदेश बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सुश्री मायावती जी ने हाल ही में राजधानी दिल्ली में आयोजित पार्टी संगठन की बैठक में देशभर से आए पदाधिकारियों को यह आदेश दिए, पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं प्रभारी को अवगत कराया। पश्चिमी महाराष्ट्र के प्रभारी डॉ. हुलगेश चालवाड़ी ने शुक्रवार (31) को यह जानकारी दी। बैठक में देश भर के वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष और अन्य प्रमुख नेता शामिल हुए।

बहनजी ने देश में बढ़ती आर्थिक असमानता, जातिवाद और सांप्रदायिकता पर चिंता व्यक्त की। पूंजीवादी नीतियों के कारण गरीब और बहुजन समाज का शोषण हो रहा है। डॉ. चलवाड़ी ने बताया कि बहनजी ने चिंता व्यक्त की कि इससे सामाजिक और आर्थिक असमानता बढ़ रही है। बसपा का मुख्य उद्देश्य बहुजनों को सत्ताधारी पार्टी बनाना है। बहनजी ने बैठक में स्पष्ट किया कि यदि कांग्रेस, भाजपा, समाजवादी व अन्य पार्टियों ने बहुजनों को संविधान प्रदत्त अधिकार दिए होते तो वे सत्ता में नहीं होते। महापुरुष डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। प्रस्तावकों ने कहा।



इन पार्टियों की नीति सिर्फ दिखावे के लिए बहुजनों को करीब लाने की है। हालांकि डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि इन पार्टियों ने अपना दृढ़ मत व्यक्त किया है कि वास्तव में इन पार्टियों ने बहुजन लोगों के अधिकारों की अनदेखी की है। अमीरों और पूंजीपतियों के इशारे पर चलने वाली इन पार्टियों के कारण गरीब, दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़े वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। पार्टियों को तोड़ने का काम बहुजन आंदोलन को कमजोर करना है। यह काम ये पार्टियां कर सकती हैं। पार्टियां पार्टी पदाधिकारियों के बीच गलत सूचना फैला सकती हैं और नेताओं के बारे में गलत प्रचार कर सकती हैं। पार्टी नेताओं के बीच शत्रुता का माहौल पैदा करने और बहुजन समुदाय को भ्रमित करने की साजिश रचने की भी संभावना है। हालांकि डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि मायावती जी ने पदाधिकारियों से इन सब साम-दाम-दंड-भेद की नीतियों से बचने की अपील की है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में सगठनिक मजबूती, कैडर विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि मायावती जी ने पार्टी से बहुजन समाज के अधिकारों के लिए तन, मन और धन से काम करने की अपील की है, साथ ही पार्टी के मूल सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए किसी भी दबाव में न आते हुए बहुजन समाज के अधिकारों के लिए काम करने की अपील की है। बैठक में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। संगठनात्मक सुधार और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीति बनाना। पूंजीवाद पर बसपा बहुजन समाज पार्टी ने स्पष्ट किया कि यह पार्टी आधारित नहीं बल्कि कैडर आधारित पार्टी है। डॉ. चलवाड़ी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी को और मजबूत करने के संकल्प के साथ बैठक संपन्न हुई। आंदोलन को आगे बढ़ाने और आगामी चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा।

# लव ट्राएंगल में फंसा 'सिंघम अगेन' का विलेन




अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह तीनों जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म से लोगों को एंटरटेन करने आने वाले हैं. फिल्म की रिलीज डेट भी पोस्टर के साथ जारी कर दिया गया है. तीनों फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आने वाले हैं. ये फिल्म नाम से ही लव ट्राएंगल लग रहा है, जो कि पोस्टर में साफ पता चल रहा है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है, जो कि अगले महीने आने वाली है.

मुदस्सर अजीज की डायरेक्शन में बनी 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी. मेकर्स की तरफ से जब फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया, तो इसके साथ कैप्शन में लिखा कि कलेश के लिए तैयार हो जाओ, क्योंकि ये लव ट्राएंगल नहीं, फुल सर्कल होने वाला है. ये फिल्म पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई जा रही है. फिल्म के पोस्टर की बात की जाए, तो भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह घोड़ी पर बैठे नजर आ रही है, वहीं अर्जुन दोनों के बीच फंसे बंधे हाथों के साथ नजर आ रहे हैं.

अर्जुन कपूर इससे पहले पिले साल सिंघम अगेन में विलेन के तौर पर नजर आए थे. अपकमिंग फिल्म की बात करें, तो 'मेरे हसबैंड की बीवी' की अनाउंसमेंट साल 2022 में ही कर दी गई थी और अब जाकर ये फिल्म रिलीज हो रही है. फिल्म का पोस्टर पूजा एंटरटेनमेंट के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया गया है. पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस फिल्म में दोनों हिरोइन के बीच अर्जुन कपूर के फंसने के बाद उनकी बैंड बजने वाली है. इस फिल्म को वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपिका देशमुख प्रोड्यूस कर रहे है.

अर्जुन कपूर ने भी इस फिल्म को पोस्टर अपने अकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा है कि खींचो, और खींचो, शराफत की यही सजा तो होती है, कलेश हो या क्लैश, फंसता तो मुझ जैसा आम आदमी है. वहीं रकुल ने इसे शेयर करते हुए लिखा कि जीवन में कलेश न चाहिए हो, तो बिन बुलाए मेहमान और बिना मतलब का सामान,बाहर फेंक देना चाहिए. तो वहीं भूमि भी इस ट्रेंड को अपनाते हुए पोस्टर शेयर किया है और लिखा है कि कलेश, कौन सा कलेश? जो मेरा है, वो मेरा रहेगा, कोई मुंह मारने आया, तो कटेगा. रकुल प्रीत सिंह की बात करें, तो रकुल दे दे प्यार दे 2 में भी नजर आने वाली हैं. इसमें उनके साथ अजय देवगन

# कास्टिंग काउच पर छलका प्रियंका का दर्द



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने केवल बॉलीवुड ही नहीं बल्कि आज दुनियाभर में फेमस है. उन्होंने अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है. एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग के तौर पर की थी और केवल 18 साल की उम्र में उन्होंने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था और इसके बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा. लेकिन एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि करियर के शुरुआत में उन्हें कास्टिंग काउच से गुजरना पड़ा था. प्रियंका ने एक इंटरव्यू में बताया था कि डायरेक्टर ने उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था.



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने कुछ समय पहले फोर्ब्स पॉवर विमेन समिट में कास्टिंग काउच का दर्द साझा किया था. उन्होंने बताया था, 'मैं केवल 19 साल की थी. तब मैं काम को लेकर एक डायरेक्टर से बात करने गई थी. मैंने कहा कि आप मेरे स्टाइलिस्ट से बात करेंगे? उसे बता देंगे कि आपको क्या चाहिए?' उन्होंने कहा कि मैं बड़ी खड़ी थी और उस डायरेक्टर ने मेरे सामने ही मेरे स्टाइलिस्ट को फोन किया और कहा, 'सुनो अगर प्रियंका अपनी पैंटी दिखाएगी तो लोग उसे फिल्म में देखने के लिए जरूर आएंगे. इसलिए पैंटी बहुत छोटी होनी चाहिए ताकि मैं उसकी पैंटी देख सकूं. आप उन लोगों को जानते हैं जो आगे बैठे हैं? उन्हें उसकी पैंटी दिखनी चाहिएएक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने आगे बताया था कि उस रात जब मैं अपने घर वापस गई तो यह बात मैंने अपनी मां को बताई. मैंने कहा था कि मां मैं उस डायरेक्टर के चेहरे को नहीं देख सकती, अगर वह मेरे बारे में ऐसा सोचता है तो. मैंने कहा था, 'अगर वो मेरे बारे में ऐसी छोटी सोच रखता है तो मेरे आगे बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं है.' उन्होंने कहा कि इसके बाद मैंने ये फिल्म छोड़ दी थी और कभी भी उस डायरेक्टर के साथ काम नहीं किया.



## 'आश्रम 3' का धमाकेदार टीजर हुआ रिलीज

बॉबी देओल की आश्रम वेब सीरीज को फैंस ने भरपूर प्यार दिया था। इसके सभी सीजन सुपरहिट साबित हुए थे। फैंस आश्रम 3 के पार्ट 2 का इंतजार कर रहे थे जो अब खत्म हो गया है। एमएक्स प्लेयर ने आश्रम 3 के दूसरे पार्ट का टीजर जारी कर दिया है। जैसे ही टीजर रिलीज हुआ सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। हर कोई इसकी रिलीज डेट की बात कर रहा है। नए पार्ट में बाबा निराला दुबले-पतले, भयानक बाबा निराला के रोल में नजर आने वाले हैं। साथ ही युवा महिलाओं को अपना शिकार भी बनाते दिखेंगे। जारी किए गए टीजर में दिखाया गया है कि पकड़े जाने के बाद भी बाबा निराला ने नया शिकार ढूंढ निकाला है। वह नए शिकार की तलाश में हैं, लेकिन वह शिकार उनके लिए बहुत मुश्किल हो सकता है। वहीं, नया सीजन भी धमाकेदार होगा।

टीजर की शुरुआत में बाबा निराला के किरदार में बॉबी देओल अपने भक्तों को प्रवचन देते हुए नजर आ रहे हैं और कहते हैं कि सच्चा गुरू वो है जो भक्तों को समर्पित हो और सच्चा भक्त वो है.

# निभाया जोखिम भरा किरदार

शाहिद कपूर की फिल्म देवा बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने सिनेमाघरों में आ गई है. इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस ऑफिस की भूमिका में हैं, जो थोड़ा सनकी है, लेकिन गुंडों का काल जरूर बना है. फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आ रही हैं. फिल्म में पूजा का किरदार भी कम दमदार नहीं है. वह फिल्म में इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट बनकर तहलका मचा रही हैं. पूजा और शाहिद ने इस फिल्म के कई हिस्से की शूटिंग मझगांव और डोंगरी जैसे इलाके में हुई है. अब पूजा ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें एक्ट्रेस ने अपने किरदार और इसमें जोखिम पर बात की है

इस इंटरव्यू में पूजा हेगड़े से शाहिद कपूर संग उनकी केमिस्ट्री के बारे में भी पूछा गया, जो स्क्रीन पर फैंस को शानदार लगी है. एक्ट्रेस ने कहा कि हमारी केमिस्ट्री कैसी रही, ये तो आप लोग ही देखकर बता सकते हैं. केमिस्ट्री कभी हमें नहीं दिखती. ये सब कुछ ऑडियंस ही नोटिस करती है. हमारा फोकस बस इस बात पर होता है कि कैसे हमारे सीन्स से फैंस इंप्रेस हो रहे हैं. शहिद बहुत अच्छा डांस करते हैं. वह बहुत ही फनी और लविंग है. वह हमेशा आगे से एक्टिंग में हेल्प करते हैं.बता दें कि शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की देवा रिलीज होते ही छा गई है. फिल्म के एक्शन और एंटरटेनमेंट को मास लेवल पर प्यार मिल रहा है. इस फिल्म से जुड़े कई सारे क्लिप्स अब X पर जमकर वायरल हो रहे हैं. इसके अलावा, सोशल मीडिया पर फिल्म का रिव्यू भी आ गया है, जिसमें फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है.



# इंग्लिश बोलने में माहिर कम पढ़ी लिखीं बॉलीवुड एक्ट्रेसेस

बॉलीवुड में सितारों का अंग्रेजी बोलना कोई बड़ी बात नहीं है. सितारे अंग्रेजी में बात करना अपनी शान समझते हैं लेकिन क्या आपको पता है कि अंग्रेजी झाड़ने वाले ये सितारे .पाई लिखाई के मामले में औरों से थोड़ा पीछे हैं. बॉलीवुड की कई अदाकाराएं ऐसी हैं जो कि अपने करियर की वजह से पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाईं. ऐसे में इन अदाकाराओं ने पढ़ाई से ज्यादा करियर पर फोकस किया. ऐसे में ये अदाकाराएं पढ़ाई के मामले में पिछड़ गईं. हालांकि इनको देखकर कोई इनकी एजुकेशन का अंदाजा नहीं लगा सकता. अपनी इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसी ही इन अदाकाराओं के बारे में बताने जा रहे हैं.

आलिया भट्ट ने बहुत कम उम्र में बॉलीवुड में कदम रख लिया था. फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली आलिया ने स्कूल को टाटा बॉयबॉय कर दिया. आलिया भट्ट केवल 12 तक पढ़ी हुई हैं.

इस लिस्ट में ऐश्वर्या राय का नाम भी शामिल है. ऐश्वर्या राय ने 12वीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था. हालांकि मॉडलिंग की तरफ रुख कर लेने की वजह से ऐश्वर्या राय अपनी पढ़ाई पूरी ही नहीं कर पाईं. ऐश्वर्या राय भी 12वीं पास करके पढ़ाई से दूर हो गईं.



दीपिका पादुकोण की मम्मी चाहती थी कि वो ग्रेजुएशन के बाद ही करियर की शुरुआत करें. हालांकि दीपिका पादुकोण की प्लानिंग तो कुछ और ही थी. पढ़ाी बीच में छोड़कर दीपिका पादुकोण एक्टर बन गईं. हालांकि दीपिका पादुकोण चाहती हैं कि वो अपनी मां का ये सपना जरूर पूरा करें.

आपको जानकर हैरानी होगी कि अपने जमाने में कंगना रनौत 12 वीं क्लास में फेल हो गयीं थीं. और इसके बाद वो घर से भागकर मुंबई आ गई थीं. कंगना रनौत ने एक बार बताया था कि बॉलीवुड में उनकी शराब अंग्रेजी का कई बार मजाक बनाया जाता है.

करिश्मा कपूर केवल 5वीं पास हैं. करिश्मा अपनी फिल्मों को लेकर इतनी ज्यादा सीरियस थीं कि उन्होंने छठी क्लास के दौरान उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी. हालांकि करिश्मा कपूर को देखकर कोई भी उनकी योग्यता के बारे में नहीं बता सकता.

अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर ने ग्रेजुएशन करने के लिए एडमिशन तो लिया लेकिन बीच में ही उनको बॉलीवुड में आने का मौका मिल गया. ऐसे में ग्रेजुएशन छोड़कर सोनम कपूर एक्टर बन गईं. आपको जानकर हैरानी होगी कि सोनम कपूर केवल 12वीं पास हैं.

# रफ्तार और मनराज की शादी की तस्वीरें वायरल

इंडस्ट्री में अपनी आवाज से लोगों को दीवाना बनाने वाले रैपर रफ्तार की जिंदगी में खुशियों ने दस्तक दे दी है। उन्होंने फैशन स्टाइलिस्ट और एक्ट्रेस मनराज जवंदा से शादी कर ली है। रैपर रफ्तार ने भारतीय रीति-रिवाज से मनराज के साथ सात फेरे लिए हैं। सोशल मीडिया पर लगातार कपल की तस्वीरें और वीडियो छाई हुई हैं। फैंस अपने फेवरेट स्टार को शादी की बधाई दे रहे हैं और खुशियां बांट रहे हैं। मनराज और रफ्तार साथ में काफी सुंदर दिखाई दे रहे हैं।रफ्तार और मनराज की फोटो सोशल मीडिया पर जोरों-शोरों से वायरल हो रही है। वहीं दोनों ने करीबी दोस्तों और फैमिली की मौजूदगी में शादी की है। रफ्तार ने तलाक के 4 साल बाद मनराज से दूसरी शादी की है। दोनों की मेहंदी और प्री-वेडिंग की खबरें और फोटो



पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहे थे, आखिरकार दोनों की शादी की तस्वीरें भी अब आ गई हैं। शादी की तस्वीरें जो वायरल हो रही हैं, उसमें रफ्तार और मनराज दोनों ने व्हाइट और गोल्डन आउटफिट पहना है। मनराज ने साउथ इंडियन ब्राइड के रूप में काफी सुंदर दिख रही हैं। वहीं रफ्तार भी साउथ इंडियन आउटफिट में खूब जच रहे हैं।कपल की जब पहले हल्दी और मेहंदी की तस्वीरें भी सामने आई थी, उसमें रफ्तार जमकर नाच-गाना कर रहे थे। रफ्तार और मनराज ने अपनी सभी शादी की रस्मों पर खूब मस्ती की है। एक तरफ जहां रफ्तार अपनी आवाज का जादू चला रहे हैं वहीं उनकी पत्नी ठुमके लगा रही है।

# रेड कारपेट पर स्पॉट हुए करणवीर और चुम दरांग


सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 18 ने टीवी जगत को नई जोड़ी दी है. करणवीर मेहरा और चुम दरांग इस शो में करीब आए और इस रियलिटी शो के बाद भी दोनों हमेशा साथ साथ ही दिख रहे हैं. करण और चुम लगातार पार्टीज में एक साथ स्पॉट हो रहे हैं. इतना ही नहीं, बीते दिन ही दोनों ने साथ में शिल्पा शिरोडकर से मुलाकात की, लेकिन अब दोनों का नया धांसू वीडियो आया है, जिसे देख फैंस की आंखें फट गई हैं. इस वीडियो को देखने के बाद अब दोनों की शादी की बात चलने लगी है.

दरअसल बीती रात करणवीर मेहरा और चुम दरांग एक साथ एक इवेंट में स्पॉट हुए. इस दौरान दोनों ने साथ में इवेंट में ग्रैंड एंट्री ली, जो पैपराजी का ध्यान खींचने के लिए काफी रहा. करण और चुम रेड कारपेट पर आए, तो पैपराजी ने उन्हें जमकर पोज करने के लिए कहा और दोनों ने ये बात मानी भी. मस्टर्ड कोट-पेंट और ब्लू शर्ट में करण काफी हैंडसम लग रहे थे और चुम अपने बोल्ड अंदाज से हर किसी का ध्यान खींच रही थीं. चुम ने शिमरिंग पेस्टल लैवेंडर गाउन कैरी किया, जिसका डीप नेक कट एक्ट्रेस को बोल्ड लुक दे रहा था. चुम ने अपना लुक बालों का बन बनाकर और हैवी इयररिंग के साथ पूरा किया. इसके साथ एक्ट्रेस ने मिनिमल मेकअप किया, जिसमें वह स्वर्ग की परी से कम नहीं लगीं. चुम और करणवीर एक साथ परफेक्ट कपल लगे.करणवीर मेहरा और चुम दरांग ने अपने इस लुक में पैपराजी को एक से बढ़कर एक पोज दिए. दोनों ने रेड कारपेट पर अपनी नजदीकियां पैपराजी को भी दिखाई और ये सब देखकर वहां पर उनकी शादी की बात भी हो गई. पैपराजी ने दोनों को साथ देखकर पूछा, 'शादी कब है..' हालांकि, चुम और करण ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया.

# बालकनी से गिरने से हॉलीवुड एक्ट्रेस की मौत

हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बुरी खबर आई। एक्ट्रेस अन्ना बीट्रिज परेरा अल्वेस की डेथ हो गई है। वो बस 27 साल की थीं। उन्हें ओनली फैंस स्टार मूवी के लिए याद किया जाएगा। एक्ट्रेस अन्ना पोली के नाम से भी फेमस थीं। बताया जा रहा है कि वो एक फिल्म की शूटिंग के दौरान बाल्कनी से गिरने से उनकी मौत हो गई। ब्राजील पुलिस इसकी जांच में जुटी है। हत्या के एंगल से भी इसकी इंक्वायरी हो रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अन्ना पोली नोवा इगाकू के अपार्ट होटल में शूटिंग के लिए गई थीं। तभी ये हादसा हुआ। पुलिस क्रू मेंबर्स से पूछताछ कर रही है। इस केस से जुड़े एक शख्स ने बताया- "हम ये स्पष्ट करने के लिए गहन जांच कर रहे हैं कि क्या हुआ। ये एक जटिल मामला है और हम किसी भी संभावना से इनकार नहीं करते, चाहे वो दुर्घटना हो या संभावित अपराध।" जांच अधिकारियों का कहना है कि जो भी दोषी होगा उसे कड़ी सजा दी जाएगी। अन्ना पोली की मौत से उनके फैंस दुखी हैं। वो सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अन्ना पोली के बॉयफ्रेंड पेड्रो हेनरिक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी प्रेमिका की मौत के बारे में बताते हुए शोक जताया।



हेनरिक ने लिखा-"तुम्हारे बिना ये बहुत मुश्किल है। जैसे-जैसे घंटे बीतते जा रहे हैं, ये बात मेरे दिल में घर कर रही है और मेरा दुख और भी बड़ा होता जा रहा है।" इस बारे में बात करते उन्होंने कहा- "मामले की सारी जानकारी पहले से ही पुलिस के हाथ में है और वे जांच कर रहे हैं।"

# ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में एंट्री

## कंगारु टीम हारकर टूर्नामेंट से बाहर



**नई दिल्ली.** महिला अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल मैच साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया. शुक्रवार 31 जनवरी को हुए इस मैच में कंगारु टीम हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है. साउथ अफ्रीका ने इस मैच में जबरदस्त जीत दर्ज की. पहले गेंदबाजी करते हुए उसने ऑस्ट्रेलियाई टीम को महज 105 रन रोक दिया. फिर 11 गेंद रहते ही छोटे से लक्ष्य को चेज करके मुकाबले को अपने नाम कर लिया. इसके साथ ही उसने कंगारु टीम को 5 विकेट से हराकर फाइनल में एंट्री कर ली है. इस जीत में एशले वैन वीक अहम योगदान रहा, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया. उसकी कोशिश थी कि बड़ा स्कोर खड़ा करके दबाव बनाया जाए. लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली ही गेंद पर टीम ने विकेट गंवा दिया.

वहीं पावरप्ले में उसने टॉप ऑर्डर के 3 बल्लेबाजों को खो दिया. इसके बाद मिडिल ऑर्डर की बल्लेबाजों ने रन बनाने की भरपूर कोशिश की. लेकिन साउथ अफ्रीका की लेफ्ट आर्म स्पिनर एशले वैन वीक की घातक गेंदबाजी के सामने उनके पास कोई भी जवाब नहीं था. वैन वीक ने 3 ओवर में महज 17 रन देकर 3 विकेट झटक लिए. इससे कंगारु टीम का प्लान पूरी तरह फेल हो गया. 62 रन पर ही आधी टीम आउट हो गई. फिर किसी तरह निचले क्रम की बल्लेबाजों ने स्कोर को 105 रन तक पहुंचाया.

हालांकि, 56 रन के स्कोर पर वो आउट हो गई, लेकिन बोथा की पारी से साउथ अफ्रीका ने तेजी से आधे से ज्यादा रन बना लिए . इसके बाद कप्तान कायले रेनेके और विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मिसो ने मिलकर 38 रनों की साझेदारी की. इससे टीम का स्कोर 14.2 ओवर में ही 94 हो गया. अब जीत के लिए 28 गेंदों में 12 रन बनाने थे, जिसे साउथ अफ्रीका ने आसानी से हासिल कर लिया. रेनेके ने 26 गेंद में 26 रन, वहीं मिसो ने 29 गेंद में 19 रन की अहम पारी खेली.

साउथ अफ्रीका के सामने 106 रनों का लक्ष्य था. ये टीम अक्सर नॉक आउट मैच में प्रेशर में आकर बिखरने के लिए जानी जाती है. साउथ अफ्रीका ने तीसरे ही ओवर में अपना पहला विकेट गंवा दिया. इसके बाद टीम की ओपनर जेम्मा बोथा ने अटैक करने का फैसला किया. वो तेजी से रन बटोर रही थीं, इस बीच चौथे ओवर में दूसरा विकेट भी गिर गया. लेकिन वो नहीं रुकीं और ताबड़तोड़ 24 गेंद में 154 के स्ट्राइक रेट से 37 रन ठोक दिए.

# मिचेल मार्श आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा,"राष्ट्रीय चयन पैनल और ऑस्ट्रेलियाई मेंस मेडिकल टीम ने चोट के कारण मार्श को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। वह चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए थे।" हाल के हफ्तों में उनकी पीठ के निचले हिस्से में दर्द बढ़ गया था, जिसके कारण एनएसपी ने मार्श के पुनर्वास की लंबी अवधि पूरी करने का निर्णय लिया। सीए ने कहा कि मार्श अब खेल में वापसी की योजना के तहत और अधिक आराम और पुनर्वास की अवधि से गुजरेंगे। एनएसपी समय आने पर



मार्श के प्रतिस्थापन पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेगा। भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान के अंतिम मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट लाइन-अप में अपनी जगह गंवाने वाले मार्श ने इस महीने की शुरुआत में पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए एकमात्र बीबीएल उपस्थिति के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीमों की समय सीमा 12 फरवरी से पहले है।

टखने की चोट और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण वनडे और टेस्ट में नियमित कप्तान पैट कमिंस के बाहर होने के कारण, मार्श से चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने की उम्मीद थी।

चैंपियंस ट्रॉफी में कमिंस की भागीदारी पर अनिश्चितता के साथ, वर्तमान में टेस्ट टीम का नेतृत्व कर रहे स्टीव स्मिथ वनडे कप्तान के रूप में कार्यभार संभाल सकते हैं, क्योंकि मार्श को टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलिया 22 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत करेगा। सिटी25 के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है. पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

# वीसीए अंडर-23 पुरुष टीम घोषित

**नागपुर.**



वीसीए की सीनियर चयन समिति ने 1- 4 फरवरी को नागपुर में मेघालय के खिलाफ होने वाले अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी मैच के लिए अंडर-23 पुरुष टीम घोषित कर दिया है. जिसमें एक बदलाव किया है। मनन अग्रवाल की जगह युवा वेदांत दिघाड़े को शामिल किया है।

वीसीए यू-23 पुरुष टीम, मोहम्मद फैज़ (कप्तान), वरुण बिष्ट, श्री चौधरी, तुषार सूर्यवंशी, अशित सिंह, जगजोत सिंह सासन, अभिषेक अग्रवाल, अनिकेत पांडे, रोहित बिनकर, तेजस सोनी, संस्कार चावटे, अर्जुन इंगले,वेदांत दिघाडे, गणेश भोसले,मीनार सहारे, गौरव फरदे, सहायता कर्मचारी, कोच: रंजीत पराडकर, एस एंड सी कोच: मोहम्मद हाशिम, फिजियो: डॉ आकाश अस्थाना,वीडियो विश्लेषक: अजिंक्य सावले.

# खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार न करे : मोईन खान

**कराची.**

पूर्व कप्तान और मुख्य कोच मोईन खान ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से आग्रह किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को दुबई में होने वाले मैच में वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार नहीं करें। मोईन ने अभिनेता उशना शाह से एक पॉडकास्ट में कहा,'जब मैं इन दिनों पाकिस्तान और भारत के मैच देखता हूं तो मुझे यह समझ नहीं आता है कि जैसे ही भारतीय खिलाड़ी क्रीज पर आते



हैं, हमारे खिलाड़ी उनके बल्ले की जांच करते हैं, उन्हें थपथपाते हैं और दोस्ताना बातचीत करते हैं।'भारत के खिलाफ कई मैच खेलने वाले मोईन ने कहा कि वह विपक्षी खिलाड़ियों के प्रति सम्मान रखने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उनके साथ जरूरत से ज्यादा मित्रता रखना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमारे सीनियर खिलाड़ी हमें बताया करते थे कि भारत के खिलाफ खेलते समय कोई शिकायत न करें और मैदान पर उनसे बात करने की भी जरूरत नहीं है। जब आप उनके साथ दोस्ताना व्यवहार करते हैं तो वे इसे आपकी कमजोरी मान लेते हैं।'

मोईन ने कहा, 'आजकल भारत के खिलाफ खेलते समय हमारे खिलाड़ियों का व्यवहार मेरे लिए समझ से परे है। यहां तक कि मैदान के बाहर भी पेशेवर खिलाड़ी होने के कारण आपकी कुछ सीमाएं होनी चाहिए।'

# रणजी में पुजारा और रहाणे का जोरदार प्रदर्शन




**मुंबई.**

रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दूसरे फेज में सातवें राउंड के मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस राउंड में विराट कोहली और केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ी लंबे समय से बाद रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी यहां भी पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए हैं। वहीं चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गज बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि दूसरे दिन ये दोनों ही खिलाड़ी शतक के करीब आकर चूक गए। सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए चेतेश्वर पुजारा ने असम के खिलाफ पहले दिन 95 रन बना लिए थे। दूसरे दिन वह अपने इस निजी स्कोर में केवल चार ही रन जोड़ और 167 गेंद पर 10 चौको की मदद से 99 रन बनाकर आउट हुए। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन ने उन्हें सुमित घडीगांवकर के हाथों कैच आउट कराया।वहीं अजिंक्य रहाणे भी मात्र चार रन से शतक से चूक गए। मुंबई के कप्तान रहाणे ने मेघालय के खिलाफ पहले दिन के अंत तक उन्होंने 86 रन बना लिए थे। लेकिन दूसरे दिन वे 10 रन ही जोड़ सके और 177 गेंदों में 96 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में 11 चौके और एक छक्का शामिल था। रहाणे को नफीस सिद्दीकी ने अर्पित भटेवरा के हाथों कैच आउट कराया। सौराष्ट्र और मुंबई दोनों के लिए यह मैच जीतना काफी अहम है। उनके लिए अगले राउंड के लिए क्वालिफाई करना इस मैच में जीत पर निर्भर करता है। दिल्ली और रेलवे के बीच खेले जा रहे रणजी मुकाबले में विराट कोहली का बल्ला नहीं चला और वह छह रन पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। कोहली ने 15 गेंदों का सामना किया और एक चौका लगाया। वह पहली पारी में मात्र छह रन बनाकर आउट हुए। उन्हें के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने बोल्ड आउट किया।

# आर्य ने किया योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अल्मोड़ा.** उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर मिला है. सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा इस राष्ट्रीय खेल के इवेंट योगासन प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है. शुक्रवार को अल्मोड़ा में योगासन प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल मंत्री रेखा आर्य ने किया. इस दौरान देश के 22 राज्यों से 171 योगासन खिलाड़ी शिरकत करने पहुंच गए हैं.38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में योगासन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश की काबीना मंत्री रेखा आर्या ने

देशभर से आए खिलाड़ियों को अल्मोड़ा की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से भी परिचित होने की अपील की. खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा यहां का प्रसिद्ध मंदिर जागेश्वर धाम जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गए थे, सभी खिलाड़ियों को वहां जाना चाहिए. खेल मंत्री



रेखा आर्य ने कहा हर दिन किसी न किसी टीम को अधिकारी इस मंदिर के दर्शन कराएं. उन्होंने खिलाड़ियों से गोल्ज्यू देवता के मंदिर के दर्शन करने की अपील भी की.

खेल मंत्री ने कहा अल्मोड़ा में योगासन की प्रतियोगिता होना सांस्कृतिक नगरी के लिए गौरव की बात है. खेल मंत्री ने कहा उत्तराखंड योगासन की जन्म भूमि है इसलिए हम अपने प्रदेश की टीम से योगासन में कुछ अतिरिक्त अपेक्षाएं रखते हैं. उन्होंने कहा यह हर्ष की बात है की आज अल्मोड़ा योगासन की मेजबानी कर रहा है. योगासन नेशनल गेम्स का एक महत्वपूर्ण इवेंट है. इसकी शुरुआत सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा जो एक पहाड़ी जिला से होना आने वाले समय के लिए शुभ संकेत है.उन्होंने कहा आज अल्मोड़ा में 22 राज्यों के खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं. उन्हें इस सांस्कृतिक नगरी से जुड़ने का भी अवसर मिला है.

# करुण नायर ने पहली बार तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली.**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए जब भारतीय टीम का ऐलान होना था तो सबकी नजर चयनकर्ताओं पर थीं। उस समय विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले खेले जा रहे थे और करुण नायर धमाकेदार फॉर्म से गुजर रहे थे। उन्होंने 9 मैचों की 9 पारियों में 389 की औसत से 779 रन कूट डाले। इस दौरान उन्होंने 5 शतक और एक अर्धशतक लगाया। नायर का स्ट्राइक रेट 124 से भी ऊपर का रहा। ऐसे में क्रिकेट फैंस को उम्मीद थी कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी जाने वाली भारतीय टीम में उन्हें जगह दी जाएगी। हालांकि ऐसा हो नहीं सका और उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया।

करुण नायर ने पहले बार इसपर चुप्पी तोड़ी है और टीम में सेलेक्ट न होने पर अपनी राय रखी है। उन्होंने बताया कि भले ही वह शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं लेकिन उन्हें कभी



उम्मीद नहीं थी कि चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह दी जाएगी। करुण नायर ने कहा कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल होने की कभी उम्मीद नहीं थी, मगर हां वह टेस्ट क्रिकेट में जरूर वापसी करना चाहते हैं। टेस्ट क्रिकेट में तीहरा शतक जड़ने वाले नायर ने हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए थे, जिसके बाद कहा जा रहा था कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड के लिए चुना जाना चाहिए।

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और वर्तमान में मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने बताया था कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्क्वॉड चुनते हुए करुण नायर के बारे में बात की गई थी, मगर उन्हें चुना नहीं गया। करुण नायर ने दिए इंटरव्यू में कहा, "अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो टूर्नामेंट से पहले मैं इस बारे में नहीं सोच रहा था। कम से कम मेरे लिए तो यह काफी दूर की बात थी। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, आपके पास सपने होते हैं, आपके पास विचार होते हैं, आप चीजें हासिल करना चाहते हैं। लेकिन आप यह नहीं सोचते कि मैं यह कर लूंगा। आप सोचते हैं कि मैं यह करना चाहता हूं। लेकिन क्या यह वास्तव में होगा, यह हमेशा आपके दिमाग में सवाल होता है।"

नायर ने कहा, "मेरा सपना अभी भी भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना है। मैंने कई इंटरव्यू में यह कहा है। इसलिए ईमानदारी से कहूं तो मेरे दिमाग में बस यही बात थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में मेरा नाम शामिल होगा या मेरे नाम पर विचार किया जाएगा, इसलिए मैं इसके लिए वाकई आभारी हूं।

# गॉल टेस्ट- बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रद्द



**नई दिल्ली.**

ऑस्ट्रेलिया के श्रीलंका दौरे के दूसरे मुकाबले का तीसरे दिन बारिश के नाम रहा। शुक्रवार को लंच तक श्रीलंका ने पहली पारी में 5 विकेट पर 136 रन बना लिए थे।

दिनेश चांदीमल 63 और कुसल मेंडिस 10 रन रन बनाकर नाबाद हैं। चांदीमल की यह 31वीं टेस्ट फिफ्टी है।लंच ब्रेक समाप्त होने से पहले गॉल में बारिश होने लगी। इस कारण दिन का खेल रद्द करना पड़ा। फिलहाल, श्रीलंकाई टीम ऑस्ट्रेलिया से 518 रन पीछे है। श्रीलंका ने सुबह 44/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया।

श्रीलंका को दिन पहला झटका कामिंडू मेंडिस और दूसरा धनंजय डी सिल्वा के रूप में लगा। मेंडिस 15 और डी सिल्वा 22 रन बनाकर आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क और मैथ्यू कुहनेमन ने दो-दो विकेट लिए। नाथन लायन को एक विकेट मिला है।

गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 654/6 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड ने दोहरा शतक लगाया। स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिस ने सेंचुरी लगाई थी।

# तेंदुलकर को मिलेगा बीसीसीआई का बड़ा अवॉर्ड

**मुंबई.**

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर को बीसीसीआई के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा. शनिवार को मुंबई में बोर्ड के वार्षिक समारोह में उन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड दिया जाएगा. भारत के लिए 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 51 साल के तेंदुलकर के नाम क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक टेस्ट और वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड है. बोर्ड के सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, वह वर्ष 2024 के लिए सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार हासिल करेंगे.'

तेंदुलकर के 200 टेस्ट और 463 वनडे मैच क्रिकेट इतिहास में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक



हैं. उन्होंने वनडे में 18,426 रनों के अलावा 15,921 टेस्ट रन बनाए. उन्होंने अपने शानदार करियर में केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है. 2023 में भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व दिग्गज विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को यह पुरस्कार दिया गया था.

अपने युग के महानतम बल्लेबाज माने जाने वाले तेंदुलकर को हर परिस्थिति में सहजता से रन बनाने के लिए जाना जाता था. उन्होंने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में 16 वर्ष और 205 दिनों की उम्र में पदार्पण किया था. इसके बाद वह दो दशक से अधिक समय (24 साल) तक छाए रहे.

सचिन इस पुरस्कार के 31वें प्राप्तकर्ता होंगे. बीसीसीआई ने भारत के पहले कप्तान कर्नल सीके नायडू के सम्मान में 1994 में इस पुरस्कार को शुरू किया था. नायडू का 1916 से 1963 के बीच 47 साल लंबा प्रथम श्रेणी करियर रहा है. यह एक विश्व रिकॉर्ड है. नायडू ने प्रशासक के रूप में भी खेल की सेवा की थी.उनके नाम टेस्ट और वनडे प्रारूप को मिलाकर 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड भी है.

बल्लेबाजी के कई रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले तेंदुलकर भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के एक प्रमुख सदस्य भी थे. यह उनका रिकॉर्ड छठा और आखिरी विश्व कप था. सचिन जब अपने खेल के अपने चरम पर थे तब उनकी बल्लेबाजी को देखने के लिए देश की एक बड़ी आबादी जैसे थम जाती थी. प्रतिद्वंद्वी टीमों के गेंदबाजों में उनका सबसे ज्यादा खौफ रहता था. दुनिया भर के कई पूर्व दिग्गज गेंदबाज यह कह चुके हैं भारतीय बल्लेबाजों में उन्हें सिर्फ तेंदुलकर से परेशानी होती है.

# अंडर19 भारत-साउथ अफ्रीका टीमें कल होंगी आमने-सामने

**मलेशिया.**

डिफेंडिंग चैंपियन भारत आईसीसी अंडर-19 वूमेंस टी20 वर्ल्डकप 2025 के फाइनल में साउथ अफ्रीका का सामना करेगी। टीम इंडिया ने दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 9 विकेट से हराया था तो दूसरी ओर साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया। अब भारतीय टीम और साउथ अफ्रीका 2 फरवरी को खिताब जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। आईसीसी अंडर 19 वूमेंस टी20 वर्ल्डकप में भारत का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है वे अब तक 12 मैच जीते हैं, जबकि



सिर्फ एक गंवाया है। इस संस्करण में भारत अब तक अजेय है और सभी 6 मैच जीते हैं। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, मलेशिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमों को हराया है। दूसरी ओर साउथ अफ्रीका ने भी अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीमों को हराकर फाइनल में जगह पक्की की है।भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अंडर-19 वूमेंस टी20 विश्व कप का फाइनल मलेशिया में कुआलालंपुर के ब्यूमस ओवल में खेला जाएगा।

# ममता कुलकर्णी, लक्ष्मी नारायण को महामंडलेश्वर पद से हटाया



**प्रयागराज.**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बीच किन्नर अखाड़े ने बड़ा एक्शन लिया है. किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटाकर अखाड़े से बाहर कर दिया है. इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर पद और अखाड़े से बाहर किया गया है. किन्नर अखाड़े को जल्द नया आचार्य महामंडलेश्वर मिलेगा. ऋषि अजय दास ने कहा कि नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन किया जाएगा.

पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुछ दिन पहले ही प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संन्यास का ऐलान किया था. ममता ने महाकुंभ के दौरान किन्नर अखाड़े में आचार्य महामंडलेश्वर डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी से मुलाकात की थी. इसके बाद ममता ने संगम पर पिंडदान की रस्म निभाई थी और उनका राज्याभिषेक किन्नर अखाड़े में हुआ था. महाकुंभ में संन्यास लेने के बाद ममता कुलकर्णी को एक नया आध्यात्मिक नाम 'श्री यमई ममता नंद गिरि' नाम दिया गया था. इसके साथ ही उन्हें किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में नियुक्त किया गया था.

**महामंडलेश्वर बनाए जाने के बाद हुआ था विवाद :** ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर काफी विवाद हुआ था. संत ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर लगातार विरोध जता रहे थे. बाबा रामदेव ने भी ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने के फैसले पर सवाल उठाए थे. उन्होंने कहा था कि कुछ लोग जो कल तक सांसारिक सुखों में शामिल थे, एक ही दिन में संत बन गए, या महामंडलेश्वर जैसी उपाधि मिल गई है.

किन्नर अखाड़े के संस्थापक अजय दास ने भी कहा था कि स्त्री को किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर बनाना सिद्धांतों के खिलाफ है.

**संन्यास लेने के बाद क्या बोली ममता? :** समाचार एजेंसी आय.ए.एन.एस. को दिए इंटरव्यू में ममता कुलकर्णी ने कहा था, मेरे भारत छोड़ने का कारण अध्यात्म था. 1996 में, मेरा झुकाव आध्यात्म की ओर हुआ और उसी दौरान मेरी मुलाकात गुरु गगन गिरि महाराज से हुई. उनके आने के बाद अध्यात्म में मेरी रुचि बढ़ी और मेरी तपस्या शुरू हुई. हालांकि, मेरा मानना है कि बॉलीवुड ने मुझे शोहरत दी। मैंने बॉलीवुड को छोड़ दिया और साल 2000 से 2012 तक तपस्या जारी रखी.

## सांसद डिंपल यादव के रोड शो से हाइवे जाम, पुलिस ने दर्ज किया केस



**अयोध्या.**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में सपा सांसद डिंपल यादव के रोड शो को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया है। डिंपल यादव ने गुरुवार को कुमारगंज से मिल्कीपुर तक रोड शो निकाला था। अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ थाना इनायतनगर में केस दर्ज हुआ है। सब इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह के तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

**रोड शो में परमिशन से अधिक वाहन हुए शामिल :** सरकारी आदेश के उल्लंघन को लेकर डिंपल यादव के रोड शो को लेकर ये केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रोड शो के दौरान परमिशन से अधिक वाहनों का प्रयोग किया गया है। डिंपल यादव के रोड शो के चलते रायबरेली हाईवे के दोनों लेन को जाम कर दिया गया था।

**डिंपल यादव ने रोड शो की फोटो एक्स पर की शेयर :** मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी के समर्थन में किए गए रोड शो की फोटो डिंपल यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी शेयर किया था। इसमें उनके रोड शो में अथाह भीड़ और वाहनों की लंबी कतार नजर आ रही है।

**चुनाव प्रचार के लिए पहुंची थीं सपा सांसद :** मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा सांसद डिंपल यादव चुनाव प्रचार के लिए गुरुवार को यहां पहुंची थीं। इस दौरान उनके साथ मिल्कीपुर सीट से सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद मौजूद रहे। साथ ही फैजाबाद से सांसद और सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद के पिता अवधेश प्रसाद भी डिंपल यादव के रोड में शामिल थे।

## पूर्व पीएम की पत्नी और बीजेपी नेता ने किया मतदान

**नई दिल्ली.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदान पांच फरवरी को होना है, लेकिन बुजुर्गों के लिए घर से मतदान की सुविधा जारी है। 85 साल से ज्यादा उम्र के लोग घर बैठे अपना वोट डाल सकते हैं। होम वोटिंग की सुविधा का इस्तेमाल करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने भी मतदान किया। 87 साल की गुरशरण कौर का नाम दिल्ली की मतदाता सूची में वरिष्ठ नागरिक श्रेणी (एवीएससी) में अनुपस्थित मतदाता के रूप में दर्ज था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने अपनी पत्नी तरला जोशी के साथ घर पर मतदान की सुविधा का लाभ उठाते हुए अपना वोट डाला। मुरली मनोहर जोशी 91 साल के हैं, जबकि उनकी पत्नी 89 साल की हैं।

चुनाव आयोग ने 85 साल से अधिक उम्र के लोगों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए वोट फ्रॉम होम' (घर से मतदान) की सुविधा शुरू की है। जो मतदाता चलने-फिरने में असमर्थ हैं और उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने में मुश्किल होगी। ऐसे लोग घर से मतदान का विकल्प चुन सकते हैं। चुनाव आयोग की टीम मतदाता से संपर्क करके समय तय करती है और निर्धारित समय पर चुनाव आयोग के कर्मचारी मतदाता के घर पहुंचकर अस्थायी मतदान केंद्र बनाते हैं, जिसमें बुजुर्ग व्यक्ति को मतदान करना होता है।

## लोकायुक्त ने राज्य में एक साथ कई जगहों पर की छापोमारी

**बेंगलुरु.**



कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने आज शुक्रवार की सुबह सरकारी अधिकारियों के खिलाफ छापे की बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, लोकायुक्त अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया है। लोकायुक्त पुलिस ने राज्य के बागलकोट, बेंगलुरु, रायचूर, चित्रदुर्गा और बेलगावी सहित कई स्थानों पर छापेमारी की है। आइए जानते हैं इस कार्रवाई के बारे में विस्तार से।

**सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई :** लोकायुक्त पुलिस सूत्रों की ओर से छापेमारी के बारे में जानकारी साझा की गई है। दी गई जानकारी के मुताबिक, कर्नाटक के बेलगावी में दो अधिकारियों, बागलकोट में ग्राम पंचायत पीडीओ और रायचूर में जिला पंचायत लेखा अधिकारी के घरों पर लोकायुक्त पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

**बेंगलुरु में भी छापेमारी :** कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस द्वारा राज्य की राजधानी बेंगलुरु में भी छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, बेंगलुरु में बीबीएमपी अधिकारी माधव राव के घर पर छापेमारी की जा रही है। इसते अलावा लोकायुक्त अधिकारी इंजीनियरिंग विभाग के एईई माधव राव के घर पर भी मौजूद हैं और जांच जारी है।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में नाकाम

**ढाका.**




बांग्लादेश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक अधिकार समूह ने बृहस्पतिवार को देश की अंतरिम सरकार पर धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हमलों और उत्पीड़न से बचाने में विफल रहने का आरोप लगाया, हालांकि सरकार ने इस दावे का खंडन किया है। 'बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद' ने कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार अल्पसंख्यक समूहों को दबाने के लिए सरकारी संस्थानों का भी इस्तेमाल कर रही है।

**174 नई घटनाएं हुईं :** परिषद ने पहले कहा था कि 4 से 20 अगस्त के बीच मुस्लिम बहुल देश में सांप्रदायिक हिंसा की 2,010 घटनाएं हुईं। वहीं, यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि ज्यादातर घटनाएं सांप्रदायिक कारणों से नहीं बल्कि 'राजनीतिक कारणों' से हुईं। बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में परिषद ने पूर्व में हुए हमलों के अपने दावे को दोहराया और कहा कि पिछले वर्ष 21 अगस्त से 31 दिसंबर के बीच सांप्रदायिक हिंसा की 174 नई घटनाएं हुईं, जिनमें अल्पसंख्यक समूहों के 23 सदस्य मारे गए और 9 महिलाओं से बलात्कार किया गया। इसने कहा कि अन्य घटनाओं में आगजनी, तोड़फोड़, लूटपाट और संपत्ति और व्यवसायों पर जबरन कब्जा करना शामिल था।

**इस्लाम के नाम पर हुई गिरफ्तारी :** परिषद ने कहा कि अल्पसंख्यक समूहों के कम से कम 15 सदस्यों को इस्लाम को कमजोर करने के आरोप में या तो गिरफ्तार किया गया या उन्हें प्रताड़ित किया गया। परिषद के कार्यवाहक महासचिव मनिंद्र कुमार नाथ ने सरकार पर अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को परेशान करने के लिए सरकारी संस्थानों में अपने लोगों को नियुक्त करने का आरोप लगाया। नाथ ने कहा कि कई अल्पसंख्यक नेता अपने खिलाफ झूठे आरोपों के कारण छिप गए हैं। अंतरिम सरकार ने कहा है कि उन पर विशेष आरोप हैं और उन्हें किसी सांप्रदायिक कारण से निशाना नहीं बनाया गया।

## घने कोहरे के चलते सड़क हादसा; 9 की मौके पर मौत

**फिरोजपुर.**



पंजाब के फिरोजपुर जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को जिले में कोहरे के बीच एक पिकअप वैन ने कैंटर ट्रक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि पिकअप वैन और ट्रक के बीच ये दुर्घटना गुरुहरसहाय उप-मंडल के गोलू का मौर गांव के पास हुई है।

**घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती :** गुरुहरसहाय के पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने कहा कि मामले की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा बल (SSF) की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को गुरुहरसहाय, जलालाबाद के नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया और गंभीर रूप से घायलों में से कुछ को फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया।

**वैन में सवार थे 20 से अधिक लोग :** पुलिस ने कहा कि पिकअप वैन में 20 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर वेटर के रूप में काम करने वाले लोग थे, जो जलालाबाद में एक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। प्रारंभिक जांच के दौरान यह सामने आया कि कोहरे के कारण पिकअप वैन चालक ने अपने वाहन पर संतुलन खो दिया और ट्रक में टक्कर मार दी। इस कारण भीषण सड़क हादसा हो गया।

## केरल से 27 अवैध बांग्लादेशी

### > घुसपैठियों को किया गया गिरफ्तार

**एर्नाकुलम.**



देश के विभिन्न राज्यों में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में केरल में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। केरल पुलिस ने शुक्रवार को बताया है कि एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ते (ATS) ने एर्नाकुलम जिले के उत्तरी परवूर क्षेत्र से 27 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी कोच्चि में अवैध रूप से रहकर काम कर रहे थे।

**खुद को पश्चिम बंगाल का बता रहे थे :** केरल पुलिस के अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी दी गई है कि गिरफ्तार किए गए अवैध बांग्लादेशी नागरिक खुद को पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिक बताकर अनेक जगहों पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया है कि दो हफ्ते पहले तस्लीमा बेगम नाम की 28 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन क्लीन नाम का विशेष अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत ये गिरफ्तारियां की गई हैं।

दरअसल, पुलिस को उत्तरी परवूर में बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की खबर मिली थी। इसके बाद एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस की एक टीम ने एटीएस की मदद से तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने जब दस्तावेजों की जांच की तो मालूम चला की ये लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं और अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। ये खुद को भारतीय नागरिक बता रहे थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**पश्चिम बंगाल से सीमा पार किया :** पुलिस ने जानकारी दी है कि पकड़े गए अवैध बांग्लादेशी, भारत के पश्चिम बंगाल से सीमा पार कर आए थे।

इन्होंने कोच्चि आने से पहले एजेंटों की मदद से आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज हासिल कर लिए थे। ये बांग्लादेशी विभिन्न कार्यों में लगे हुए थे और कुछ श्रमिक शिविरों में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, ये पूरे देश में एक साथ बांग्लादेशी नागरिकों की सबसे बड़ी गिरफ्तारी हो सकती है।

बता दें कि इस कार्रवाई के साथ ही एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस थाना क्षेत्र के तहत जनवरी महीने में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों की संख्या 34 पहुंच गई है। पुलिस ने अवैध रूप से बॉर्डर पार कराने और फर्जी दस्तावेजों को दिलाने में शामिल एजेंटों की जांच के लिए अपनी जांच का विस्तार पश्चिम बंगाल तक करने की बात कही है।

## पूर्व राष्ट्रपति जुमा की बेटी आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार

**जोहान्सबर्ग .**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की बेटी को आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद अब उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। जुमा की बेटी डुडुजिले जुमा-संबुदला संसद सदस्य भी हैं और उन पर जुलाई 2021 में दंगों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। जुलाई 2021 में हुए दंगों में 350 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

पुलिस ने बताया कि डुडुजिले ने बृहस्पतिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह आतंकवाद एवं संबंधित गतिविधियों से जुड़े अधिनियम तथा हिंसा भड़काने के आरोपों का सामना कर रही हैं। पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर थांडी म्बांबो ने बताया, "यह गिरफ्तारी डरबन पुलिस की अपराध शाखा द्वारा गंभीर संगठित अपराध की गई सावधानीपूर्वक जांच का परिणाम है, जो 2021 में देश में हुई हिंसा के बाद शुरू की गई थी।"

**सोशल मीडिया पर की थी पोस्ट :** डुडुजिले के राजनीतिक दल ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। डुडुजिले के खिलाफ मामला 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक किए गए एक पोस्ट पर आधारित है। डुडुजिले ने उनके पिता को जेल भेजे जाने के बाद यह पोस्ट किया था और उसमें प्रदर्शनकारियों से देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर अधिक नुकसान पहुंचाने की अपील की थी।

# 5 फरवरी को दिल्ली के सभी 700 बाजारों पर लगेगा ताला

**नई दिल्ली**



5 फरवरी 2025 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। इसको लेकर चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कहा है कि मतदान के दिन पांच फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सभी 700 बाजार बंद रहेंगे। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि व्यापारियों को चुनाव आयोग और श्रम विभाग के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में खुदरा क्षेत्र के दुकानदार मतदान करने के बाद शाम को अपनी दुकानें खोल सकते हैं। हालांकि, गोयल ने कहा कि यदि कोई दुकान या कारखाना खोला जाता है तो कर्मचारियों को सवेतन अवकाश दिया जाना चाहिए और वेतन में कोई कटौती नहीं की जानी चाहिए।

**बिना किसी वेतन कटौती के छुट्टी :** दिल्ली विधानसभा की सभी 70 सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतगणना 8 फरवरी को होगी। एक बयान में सीटीआई ने सभी बाजार संघों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पांच फरवरी को अपनी दुकानें बंद रखने का निर्देश दिया। औद्योगिक क्षेत्रों में भी अवकाश रहेगा। सीटीआई महासचिव गुरमीत अरोड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि दिल्ली सरकार ने पहले ही निर्देश जारी कर दिया है कि दुकानों, होटल, रेस्तरां, रिसॉर्ट और औद्योगिक इकाइयों सहित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मतदान के दिन कर्मचारियों को बिना किसी वेतन कटौती के छुट्टी देनी होगी।

**बेफिक्र होकर करें मतदान :** श्रम विभाग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के तहत एक आदेश भी जारी किया है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी पेशे, व्यापार या औद्योगिक उपक्रम में लगे प्रत्येक कर्मचारी को मतदान के लिए अवकाश का अधिकार है। इसके अतिरिक्त आपातकालीन सेवा कर्मचारियों को मतदान के बाद काम पर आने की सलाह दी गई है।

## पुलिसकर्मी को जमीन पर पटका

### > 350 छात्रों के खिलाफ एफआईआर

**पटना.**



बिहार लोक सेवा आयोग 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 में अनियमितताओं को लेकर छात्र सड़कों पर हैं। बिहार लोक सेवा आयोग 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 को रद्द किए जाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को आयोग के कार्यालय के सामने बेली रोड पर प्रदर्शन करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों ने एक पुलिस पदाधिकारी को सड़क पर गिरा दिया।

**पुलिस ने 30 लोगों को हिरासत में लिया :** इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पटना पुलिस ने 350 प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की है। 30 लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने कहा कि जहां आयोग का कार्यालय स्थित है, वह प्रतिबंधित क्षेत्र है। वहां किसी भी तरह के प्रदर्शन की अनुमति नहीं है।

**नहीं किया गया लाठीचार्ज, पुलिस ने किया स्पष्ट :** पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शनकारियों पर 'कोई लाठीचार्ज' नहीं किया गया है, लेकिन उन पर पुलिस मुख्यालय राजभवन और मुख्यमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण स्थानों में बेली रोड सड़क यातायात को बाधित करने के लिए मामला दर्ज किया गया है।

**हिरासत में लिए 30 लोगों में से 26 पटना के नहीं :** जिलाधिकारी ने बताया पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भड़काने के आरोप में 30 लोगों को हिरासत में लिया है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ भी मारपीट की है। पुलिस ने 350 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए कुल 30 लोगों में से 26 पटना के रहने वाले नहीं हैं।

**इस जगह पर नहीं थी प्रदर्शन की अनुमति :** जिलाधिकारी ने कहा कि वे बीपीएससी कार्यालय की ओर बढ़ना चाहते थे, जिसकी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने अनुमति नहीं दी। सुरक्षाकर्मियों के बार-बार अनुरोध के बावजूद उन्होंने सड़क खाली करने से इनकार कर दिया। यह प्रतिबंधित क्षेत्र है और ऐसी जगह नहीं है जहां विरोध प्रदर्शन की अनुमति हो।

## 'हैलो! आपका अकाउंट हो गया है हैक'

**ठाणे.** पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। जहां से साइबर अपराधी अमेरिकी नागरिकों को ठगने के लिए उन्हें निशाना बनाते थे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुछ दिन पहले मीरा रोड के हातकेश इलाके में चल रहे इस फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा और सात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद को एक प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स कंपनी का कर्मचारी बताकर अमेरिकी नागरिकों को फोन करते थे। अपराध शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल और वरिष्ठ निरीक्षक अविराज कुरहाडे ने कहा कि साइबर ठग पीड़ितों से कहते थे कि यदि वे तत्काल रद्दीकरण शुल्क नहीं चुकाते तो उनके बैंक खातों से जुर्माना काट लिया जाएगा। इसी बात का झांसा देकर वह उनके अकाउंट से रुपये उड़ा देते थे। इसके साथ ही पुलिस ने कहा कि पीड़ितों को अलग-अलग बैंक खातों में पैसे भेजने या गिफ्ट वाउचर खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था, जिसे आरोपी बाद में भुना लेते थे। इसी तरह वह अमेरिका में फर्जी कॉल करके पैसे बना रहे थे।